


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 तुलना को लेकर बोली शालिनी...

वर्ष : 26 | अंक : 346 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## देश सुरक्षित तो धर्म सुरक्षित, धर्म सुरक्षित तो हम सुरक्षित : योगी

**बनारस (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को



वाराणसी के स्वर्वेद महामन्दिर धाम में आयोजित 'विहंगम योग संत-समाज' की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'हर काम देश के नाम होना चाहिए, हमारा कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। यदि हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हमारा धर्म भी सुरक्षित रहेगा, यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित रहेंगे।'

योगी आदित्यनाथ ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था। गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सदगुरु सदाफल महाराज ने आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि अकेले चुपचाप नहीं बैठ जाना है। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## क्राइम कैपिटल दिल्ली में बर्तन कारोबारी की हत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। राजधानी क्राइम कैपिटल



बनने लगी है। शनिवार सुबह दिल्ली के शाहदरा में एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। यहां मॉर्निंग वॉक पर निकले एक शख्स पर गोली चली। बताया जा रहा है कि 7-8 राउंड फायरिंग हुई और कम से कम चार गोलियां लगी है। बाइक पर आए दो हमलवारों ने हमला किया। पीड़ित बर्तन व्यापारी है और इस हमले में उनकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शाहदरा डीसीपी प्रशांत गौत ने बताया कि थाना फर्श बाजार में गोलीबारी की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल आई थी। पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पाया कि 52 वर्षीय सुनील जैन को गोली लगी थीं, जिसमें वह घायल हो गए थे। डीसीपी ने बताया कि वह यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में सुबह की सैर के बाद अपने घर लौट रहे थे। एक बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया और जांच चल रही है।

बदमाशों ने सुनील जैन पर उस वक्त फायरिंग की जब वह फर्श बाजार के यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में शनिवार सुबह सैर के बाद घर लौट रहे थे। मृत कारोबारी कृष्णा नगर में रहते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस को यमुना स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के पास एक शख्स को गोली मारने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुनील जैन को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अमित शाह ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया: केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सौरभ भारद्वाज के एक्स पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा है 'अमित शाह जी ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। दिल्ली को जंगल राज बना दिया। चारों तरफ़ लोग दहशत की जिंदिगी जी रहे हैं। बीजेपी से अब दिल्ली की क़ानून व्यवस्था नहीं संभल रही। दिल्ली वालों को एकजुट होकर आवाज़ उठानी होगी'।**



## दो भाईयों पर चाकू से हमला, एक की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के




गोविंदपुरी इलाके में साझा शौचालय की सफाई को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई. दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार रात 12:07 बजे गोविंदपुरी पुलिस थाने में पड़ोसियों के दो समूहों के बीच झगड़े को लेकर एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची

यहां लोगों ने पुलिस को बताया कि पड़ोसियों के दो समूहों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की थी. सुधीर, उसके भाई प्रेम और उनके दोस्त सागर को चोटें आई थीं। उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। पुलिस लगभग 3 बजे एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंची, तो पता लगा कि सुधीर की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। प्रेम (22) चोट के कारण बेहोश है और बयान नहीं दे सकता। सागर (20 वर्ष) को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी भीकम सिंह, उसकी पत्नी मीना और उनके तीन बेटों संजय (20 वर्ष), राहुल (18), 'ए' (नाबालिग होने के कारण पहचान उजागर **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## बांग्लादेश में दलित हिन्दुओं को अत्याचार से बचाएं : मायावती

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा प्रमुख मायावती ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर बड़ा बयान दिया है। बसपा प्रमुख मायावती ने प्रेस कांफ्रेंस




में कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू बड़ी संख्या में अपराध का शिकार हो रहे हैं। इनमें से ज्यादातर दलित और कमजोर वर्ग के लोग हैं।

बसपा प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुप है और अब केवल मुस्लिम वोटों के लिए 'सावधान रहो' चिल्ला रही है। इस मामले में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और उसके समर्थक एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ऐसे में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए ताकि शोषण का शिकार हो रहे दलित वर्ग के लोगों को तकलीफ न उठानी पड़े या फिर वहां की सरकार से बात करके उन्हें वापस भारत लाया जाए, कांग्रेस की गलती की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## बॉयर्स का फूटा गुस्सा, प्राधिकरण व बिल्डरों के खिलाफ प्रदर्शन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की हाईराइज सोसायटियों में अपने फ्लैटों की रजिस्ट्री







ना होने से नाराज बायर्स का गुस्सा आज फूट पड़ा। बायर्स ने नोएडा प्राधिकरण और बिल्डरों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सड़क पर हंगामा किया। हंगामा की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। बॉयर्स का कहना है कि प्राधिकरण और बिल्डरों की लड़ाई के बीच वह लोग पिस रहे हैं। उन्होंने अपने फ्लैट की पूरी कीमत चुका दी है इसके बावजूद उन्हें इतने सालों में उसका मालिकाना हक नहीं मिला है।

नोएडा में फ्लैट खरीदारों को फ्लैट के मालिकाना हक के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर 50 से अधिक सोसायटी के खरीदारों ने शनिवार को मैराथन मीटिंग की जिसमें नोएडा की सोसाइटियों के समर्थन के साथ कार रैली निकालने निर्णय लिया गया है कि जो सेक्टर-75 से डीएम आवास तक आज सुबह 10 बजे निकाली जानी थी। लेकिन पुलिस ने धारा 163 लागू होने की वजह से परमिशन नहीं दी। परमिशन न मिलने से नाराज फ्लैट खरीदारों ने बिल्डरों और प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी की सड़क पर आकर हंगामा किया, जिसके बाद भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

नोएडा के सेक्टर-76 स्काई टेक सोसायटी के बाहर जमकर नारेबाजी और हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों विभिन्न सोसायटी के खरीदार है। उनका कहना है। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## खान सर पर एफआईआर

**पटना (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर अपनी अलग पहचान रखने वोले खान सर के



ट्विटर हैंडल ख़ान ग्लोबल स्टडी पर फ़ेक पोस्ट कर छात्रों को दिग्भ्रमित करने के आरोप में FIR दर्ज की गई है।

एसडीपीओ सचिवालय के डॉ अन्नू कुमार ने पुष्टि की है कि खान सर की कोई गिरफ़्तारी नहीं हुई है। खान सर को कल गर्दनीबाग पुलिस ने अटल पथ पर ख़ान सर के आग्रह पर उनके गाड़ी के पास छोड़ दिया था। बता दें कि एफआईआर के बाद ऐसी चर्चा होने लगी थी कि खान सर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नमो भारत ट्रेन : स्टेशनों पर विकसित होंगे पार्किंग स्थल

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर आरआरटीएस स्टेशनों के पार्किंग स्थलों में एकीकृत पार्किंग एवं वाणिज्यिक स्थल विकसित करने के लिए प्लान बनाया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा के लिए आरआरटीएस स्टेशनों पर पार्किंग के साथ-साथ यात्री केन्द्रित अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी करना और यात्रा अनुभव को विश्वस्तरीय बनाना है। ऐसा होने से आरआरटीएस स्टेशन यात्रियों के लिए परिवहन से बेहतर समाधान के साथ ही वाणिज्यिक केन्द्रों के रूप में भी तैयार होंगे।

इस पहल के तहत, पार्किंग स्थलों को आउटलेट, फ़ूड कोर्ट, कार्यालय, सर्विस अपार्टमेंट और स्टूडियो अपार्टमेंट सहित विविध प्रकार की व्यावसायिक सुविधाओं के साथ बढ़ाया जा सकता है। इन विकासों का उद्देश्य बहुक्रियाशील केंद्र बनाना है जो न केवल



यात्रियों की तत्काल ज़रूरतों को पूरा करते हैं बल्कि अवकाश, काम और अल्पकालिक प्रवास के लिए स्थान भी प्रदान करते हैं, जिससे समग्र यात्री अनुभव समृद्ध होता है और स्टेशन क्षेत्रों की उपयोगिता अधिकतम होती है।

एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कॉरिडोर पर रणनीतिक रूप से स्थित छह स्टेशनों पर एकीकृत पार्किंग और वाणिज्यिक स्थानों को पट्टे पर देने और विकसित करने के लिए रुचि व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया है। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## ग्रेटर नोएडा में जन चौपाल का रोस्टर जारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहरवासियों की समस्याओं को निपटने के लिए जन चौपाल दिवस आयोजित करेगा। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जन चौपाल दिवस का रोस्टर जारी कर दिया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता है कि आम जनमानस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक, त्वरित एवं संतोषजनक तरीके से निस्तारण किया जाए। इसलिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में आम जनमानस के साथ समन्वय स्थापित कर जन चौपाल दिवस का आयोजन करेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी प्रेरणा सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा जन चौपाल दिवस आयोजित करने के लिए रोस्टर जारी किया गया है। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## आटा मिल में मजदूर की दर्दनाक मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दनकौर क्षेत्र के मंडी श्याम नगर स्थित राहुल पैलेस वाली गली में एक आटा मिल में काम करने वाले मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। अरुण भाटी पुत्र चंद्रपाल भाटी निवासी ग्राम देवटा, थाना दनकौर ने सूचना दी कि उनके आटा मिल में काम करने वाले राम अवतार (30) पुत्र मुनीष भाटी, निवासी ग्राम देवटा, आटा चक्की चलाते समय एक गंभीर हादसे का शिकार हो गए।

बताया गया कि चक्की चलाते समय राम अवतार के सिर पर बंधे तेमंद (गमछे) का छोर मशीन के सापट में फंस गया, जिससे गले में फंदा लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक उसी आटा मिल में मजदूरी करता था। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## ग्रेटर नोएडा के मेडिकल स्टोर से उठाये दवाओं के नमूने

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि



प्रशासन के निर्देशों पर जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप दवाईयों की बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से औषधि निरीक्षक जय सिंह ने प्रकाश मेडिकल एजेंसी ग्राम कुलेसरा ग्रेटर नोएडा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में खांसी, जुकाम, बुखार जैसे बीमारियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच करने के लिए मेडिकल एजेंसी से एक एंटीबायोटिक sene&ime-200 LB टैबलेट तथा एक दर्द निवारक विनजेसिक एमआर टेबलेट का नमूना लिया गया।

औषधि निरीक्षक जय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर अग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमानुसार की जाएगी।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत के बहिष्कार का ऐलान

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद कोर्ट रूम में 29 अक्टूबर को अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों की हड़ताल जारी है। इस दौरान

### 22 जिलों के वकीलों ने लिया फैसला

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के अधिवक्ताओं की मौजूदगी में एक बैठक कर अधिवक्ताओं ने 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का उत्तर प्रदेश में बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इसके अलावा जिला जज के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन देने का भी निर्णय लिया गया है।




न्यायालय परिसर के प्रवेश द्वार के पास सुबह से ही अधिवक्ताओं का जुटना शुरू हो गया। इस दौरान बागपत, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ सहित 22 जिलों के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी पहुंचे।

मंच से अधिवक्ताओं ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि जब तक जिला जज का निलंबन नहीं होता है, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी और अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। गाजियाबाद के सभी अधिवक्ता हड़ताल में शामिल होकर एकजुट होकर आंदोलन को तेज बनाएंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के दौरान कोर्ट में अधिवक्ता उपस्थित नहीं होंगे। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के सचिव अमित नेहरा ने कह कि बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इस मामले में मुलाकात कराने का भरोसा दिया है।

गाजियाबाद से अधिवक्ता जिला जज के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाकर मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भी सौंपेंगे। बार एसोसिएशन के सचिव अमित नेहरा ने शिवम सिंह को पांच वर्ष तक के लिए बार एसोसिएशन की स्थायी सदस्यता से वंचित कर दिया है।

# फडणवीस के सर ताज

आखिरकार अनिश्चय व अटकलों पर विराम लगाते हुए गुरुवार को भाजपा के दिग्गज नेता देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। सत्ता का खेल देखिए पिछली पारी में फडणवीस मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार में उपमुख्यमंत्री बने थे, वहीं इस बार पिछली बार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री बने हैं। सत्ता का आंकड़ा पक्ष में न होते हुए भी शिंदे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर विराम नहीं लगा पाए। तभी नवंबर में स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाले महायुति गठबंधन को दिसंबर में सरकार बनानी पड़ी। चुनाव में तय हुए राजनीतिक कद से इतर शिंदे ज्यादा हासिल करने के प्रयास में सिर्फ शपथ ग्रहण समारोह को आगे ही बढ़ा सके। लेकिन दीवार पर लिखी इबारत स्पष्ट थी कि महायुति की प्रचंड जीत में शिवसेना का शिंदे गुट भाजपा की सीटों के मुकाबले आधी सीटें भी हासिल नहीं कर पाया। फिर भी उनके समर्थक आस लगा रहे थे कि बिहार की तर्ज पर भाजपा फैसला लेगी, जिसमें भाजपा द्वारा ज्यादा सीटें हासिल करने पर भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन कुछ इंतजार के बाद भाजपा ने एकनाथ शिंदे को बता दिया कि सरकार के नाथ फडणवीस ही होंगे। जाहिर है भाजपा ने राजनीतिक चतुराई से महाराष्ट्र की राजनीति को संचालित करने वाली शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस में विभाजन का लाभ उठाकर खुद को मजबूत स्थिति में ला दिया है। वहीं अपने सहयोगियों को ऐसी स्थिति में ला दिया है कि सत्ता की चाबी किसी एक के हाथ में न रह सके। निस्संदेह, आज देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा ने महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी जमीन मजबूत कर ली है। बहरहाल, हकीकत यही है कि फडणवीस महाराष्ट्र में तीसरी बार मुख्यमंत्री बन गए हैं। लेकिन इस बार उनके सामने पहले से ज्यादा चुनौतियां खड़ी हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल अच्छा माना जाता है। राज्य के लोग उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हैं। हालांकि, फडणवीस जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उनके पास राज्य में प्रशासन चलाने का अनुभव नहीं था। लेकिन उन्होंने बखूबी सरकार चलायी। मगर पिछली बार भी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद उद्धव ठाकरे की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते वे मुख्यमंत्री बनने से वंचित रह गए। बल्कि कालांतर उन्हें उपमुख्यमंत्री का पद संभालना पड़ा। लेकिन उन्होंने भाजपा आलाकमान के फैसले को सहजता से स्वीकार किया। जिसका लाभ उन्हें इस बार मिला, जब पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्राकृतिक रूप से मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना। उनकी सफलता के पीछे पहले कार्यकाल में हुए महत्वपूर्ण कार्य भी रहे हैं। जिसमें किसानों के जल संकट को दूर करने वाली जलयुक्त शिविर योजना, मुंबई-नागपुर को जोड़ने वाली पचपन हजार करोड़ की एक्सप्रेस परियोजना व मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से भाजपा के जनाधार को बढ़ाने वाला बताया जाता है। लेकिन आज राज्य की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं रही। राजकोषीय घाटे को लेकर चिंताएं हैं। बेरोजगारी बड़ी समस्या है। पूंजीगत खर्चों में कमी आई है तो राजस्व भी घटा है। वहीं आने वाले दिनों में मराठा आरक्षण का जिन्न बोतल से बाहर आ सकता है। हालिया विधानसभा चुनाव में जमीन खिसकने से आहत मराठा क्षत्रप इस मुहिम को हवा दे सकते हैं। वहीं ओबीसी वर्ग को फिक्र है कि कहीं उनके हिस्से का आरक्षण मराठाओं को न दे दिया जाए। महायुति गठबंधन ने मराठा आंदोलनकारियों को राहत देने का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि फडणवीस सरकार में शामिल दो मराठा क्षत्रप शिंदे व पवार संकटमोचक की भूमिका निभा सकते हैं। वैसे इस मुद्दे पर अदालत की भी बड़ी भूमिका होगी। फडणवीस सरकार के सामने चुनौती होगी कि हालिया विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर बतायी जा रही 'लाडकी बहिना' योजना के तहत बढ़ाकर दी जाने वाली बड़ी धनराशि के लिये वित्तीय संसाधन सरकार कैसे जुटाती है। चुनावी वायदे के अनुसार लक्षित महिला समूह को अब पंद्रह सौ के बजाय 2100 रुपये की राशि दी जानी है। वह भी तब जब राज्य के वित्तीय संसाधन सिमटे हैं। वहीं कृषि उत्पादों के पर्याप्त दाम न मिलने से किसानों में खासा रोष व्याप्त है। इन चुनौतियों का मुकाबला फडणवीस सरकार की प्राथमिकता होगी।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कामदेव ने तीक्ष्ण पाँच बाण छोड़े, जो शिवजी के हृदय में लगे। तब उनकी समाधि टूट गई और वे जाग गए। ईश्वर ( शिवजी ) के मन में बहुत क्षोभ हुआ। उन्होंने आँखें खोलकर सब ओर देखा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सौरभ पल्लव मदनु बिलोका। भयउ कोपु कंपेउ त्रैलोका॥**
**तब सिवँ तीसर नयन उघारा। चितवत कामु भयउ जरि छारा॥**

जब आम के पत्तों में (छिपे हुए) कामदेव को देखा तो उन्हें बड़ा क्रोध हुआ, जिससे तीनों लोक काँप उठे। तब शिवजी ने तीसरा नेत्र खोला, उनको देखते ही कामदेव जलकर भस्म हो गया॥

**हाहाकार भयउ जग भारी। डरपे सुर भए असुर सुखारी॥**
**समुझि कामसुख सोचहिं भोगी। भए अकंटक साधक जोगी॥**

जगत में बड़ा हाहाकर मच गया। देवता डर गए, दैत्य सुखी हुए। भोगी लोग कामसुख को याद करके चिन्ता करने लगे और साधक योगी निष्कंटक हो गए॥

**जोगी अकंटक भए पति गति सुनत रति मुरुछित भई।**
**रोदति बदति बहु भाँति करुना करति संकर पहिं गई॥**
**अति प्रेम करि बिनती बिबिध बिधि जोरि कर सन्मुख रही।**
**प्रभु आसुतोष कृपाल सिव अबला निरखि बोले सही॥**

योगी निष्कंटक हो गए, कामदेव की स्त्री रति अपने पति की यह दशा सुनते ही मूर्च्छित हो गई। रोती-चिल्लाती और भाँति-भाँति से करुणा करती हुई वह शिवजी के पास गई। अत्यन्त प्रेम के साथ अनेकों प्रकार से विनती करके हाथ जोड़कर सामने खड़ी हो गई। शीघ्र प्रसन्न होने वाले कृपालु शिवजी अबला (असहाय स्त्री) को देखकर सुंदर (उसको सान्त्वना देने वाले) वचन बोले।

(क्रमशः...)

# भारतीय आकांक्षाओं के अनुरूप दंड विधान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 दिसम्बर को चंडीगढ़ में एक भव्य समारोह में नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया। गृहमंत्री ने नए कानूनों को लागू करने वाली पहली इकाई होने के लिए चंडीगढ़ पुलिस की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि अगले 3 वर्षों में ये कानून पूरे देश में लागू हो जाएंगे। इस प्रक्रिया में आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तम्भों के बीच समन्वय और बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा कई पोर्टलों के साथ डेटाबेस का एकीकरण जैसी समय लेने वाली प्रक्रिया शामिल है।

गृहमंत्री ने कहा कि इन कानूनों को लागू करने के लिए 11,34,698 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है और 1 जुलाई, 2024 के बाद कानून के नए प्रावधानों के अन्तर्गत 11 लाख से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें से 9500 मामलों में पहले ही फैसला आ चुका है। इन नई कानूनी प्रक्रियाओं का ऐसा प्रभाव है कि चंडीगढ़ पुलिस ने नई योजना के बाद निर्धारित किए गए सभी मामलों में 85 प्रतिशत सजा की दर प्राप्त कर ली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लोगों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था जब वे भारतीय आत्मा के साथ नए युग के दण्ड विधानों को अपनाने के साक्षी बने हैं। जन-केन्द्रित और न्याय-उन्मुख दृष्टिकोण को अपनाते हुए नए कानून दमन और प्रतिशोध पर आधारित औपनिवेशिक कानूनों का स्थान लेंगे।

इस अवसर ने न्याय प्रक्रिया से जुड़े पेशेवरों को नए कानूनों के लागू होने के बाद से उनके कामकाज के परिचालन ऑडिट करने का मौका भी प्रदान किया, ताकि बाधाओं और कमियों की पहचान की जा सके और भविष्य में उनके निराकरण के उपाय सुझाए जा सकें। उनके अनुसार कानून निर्वात में क्रियान्वित नहीं किए जा सकते।

इस तथ्य से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि पुलिस जांच अधिकारियों ने सभी मामलों में आपराधिक कानूनों की नई धाराओं का उपयोग करना शुरू कर दिया है, हालंकि सफल क्रियान्वयन का अर्थ इससे कहीं अधिक होता है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करके आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रस्तावित डिजिटलीकरण के सपने को पूरा करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए कर्मचारियों की भर्ती और प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। हितधारकों के बीच सम्पर्क और समन्वय के लिए अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) और अन्तर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) से सम्बन्धित सॉफ्टवेयर को उन्नत



करना भी उतना ही जरूरी है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में परिकल्पित कई नई अवधारणाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नियम और उप-नियम बनाना सफलता की कुंजी साबित होगी। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) का ई-पंजीकरण, समन और वारंट की ई-सेवा, जीरो एफआईआर, गवाह सुरक्षा योजनाएं, सामुदायिक सेवा की सज़ा, दोषी की अनुपस्थिति में मुकदमा, अपराधों से अर्जित सम्पत्ति की जब्ती, माल-मुकदमों की सम्पत्तियों का समयबद्ध निपटान, अपराध पीड़ितों के साथ जब्त सम्पत्ति को साझा करना, सजा में कमी, वीडियोग्राफी फुटेज का भण्डारण आदि से सम्बन्धित प्रावधानों को लागू करना तब तक वास्तविकता नहीं होगी जब तक कि राज्यों द्वारा संचालन प्रोटोकॉल और नियम तुरंत तैयार नहीं किए जाते। ऐसे नियमों व प्रोटोकॉल के अभाव में, नए कानूनों की नवीन अवधारणाएं केवल कागजों तक सीमित ही रह जाएंगी।

गृहमंत्री ने फोरेंसिक विशेषज्ञों को आपराधिक न्याय प्रणाली के पांचवें स्तम्भ की संज्ञा दी है। अब तक न्यायवैधिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) का नेटवर्क बहुत कम है। नए कानूनों के अनुसार, 7 साल से अधिक की सज़ा वाले सभी अपराधों के घटनास्थलों पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए, न्यायवैधिक प्रयोगशालाओं का पुलिस थाना स्तर तक विस्तार बेहद जरूरी है। वर्तमान में फोरेंसिक विशेषज्ञों की सीमित उपलब्धता के मद्देनज़र यह एक बहुत ही कठिन कार्य प्रतीत होता है।

आपराधिक न्याय के स्तम्भों अर्थात पुलिस, अदालत, अभियोजन, जेल प्रशासन और फोरेंसिक लैब का डिजीटल एकीकरण एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस मुद्दे पर कार्य शुरू हो चुका है लेकिन यह तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक कि राज्य की एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अन्य सभी सम्बन्धित कार्य उनके द्वारा पूरे नहीं कर लिए जाते। मुकदमों में शामिल सम्पत्तियों के समयबद्ध निपटान के नए प्रक्रियात्मक कानून एक स्वागतयोग्य कदम है। परन्तु कानून लागू करने वाली एजेंसियों की ओर से तत्परता की कमी या बुनियादी ढांचे के अभाव में अदालतें इस दिशा में कुछ ठोस नहीं कर पा रही हैं।

भारतीय न्याय संहिता की धारा 48 के अन्तर्गत विदेशों में बैठे आतंकवादियों और गैंगस्टरों द्वारा भारत में अपराधों को उकसाने के जुर्म में सज़ा देने के प्रावधान हैं। बढ़ावा देने को अपराध की श्रेणी में लाती है। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता की धारा 107 अपराधियों की सम्पत्ति जब्त करने का प्रावधान करती है, जबकि धारा 356 भगौड़े अपराधी की अनुपस्थिति में उसके विरुद्ध मुकदमा चलाने की प्रक्रिया निर्धारित करती है। अभी तक देश के बाहर बैठकर अपराध करने वाले किसी भी अपराधी को इन प्रावधानों के अन्तर्गत सज़ा नहीं दी जा सकी है।

भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत सज़ा की सूची में 'सामुदायिक सेवा' को एक सज़ा के रूप में शामिल किया गया है, जबकि अभी तक इस सज़ा के निष्पादन के लिए कोई निर्धारित तंत्र और प्रोटोकॉल नहीं बना है। नए आपराधिक कानूनों में सामुदायिक सेवा की सज़ा केवल दिखावटी प्रतीत होती है, क्योंकि भारतीय न्याय संहिता 2023 में शामिल सभी अपराधों में से केवल 6 छोटे अपराधों में शामिल अपराधियों को ही इस सज़ा से दण्डित किया जा सकता है। पहली बार अपराध करने वाले छोटे अपराधियों के लिए इस प्रकार की सज़ा का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। नए कानूनों में कुछ अन्य ध्यान देने योग्य विसंगतियां भी हैं जिनका उचित समाधान किए जाने की आवश्यकता है।

यह सत्य है कि किसी भी नए कानून को परिपक्व होने और उसके प्रवर्तन को प्रणालियों में मजबूत जड़ें जमाने में दशकों लग जाते हैं। समय पर समीक्षा, कानूनों में जरूरत के हिसाब से फेरबदल और कड़ी निगरानी किसी भी अधिनियम की सफलता की कुंजी है। यह भी समझना होगा कि राज्यों के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं हैं और उनके पास सीमित तकनीकी और कानूनी जानकारी है। नए आपराधिक कानूनों का समय पर सार्थक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को हमेशा केन्द्रीय एजेंसियों से सहायता की दरकार होगी।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा है कि विधायिका ने नए आपराधिक कानून बनाकर अपना कर्तव्य निभाया है, अब न्यायपालिका, पुलिस और अन्य हितधारकों की बारी है कि वे इन कानूनों का स्वामित्व ग्रहण करें और लोगों को न्याय सुनिश्चित करने हेतु इन्हें पूर्णरूपेण लागू करें।

**-के.पी. सिंह**
**लेखक हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक हैं।**

# सुखबीर बादल पर हमले के तार और सियासत

सुखबीर बादल को उस समय मारने की कोशिश की गई जिस समय वह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सेवादार की भूमिका निभा रहा था। बादल परिवार देश विरोधी ताकतों के निशाने पर रहा है, यह सब जानते हैं। उसके पिता प्रकाश सिंह बादल लम्बे अरसे तक पंजाब के मुख्यमंत्री रहे हैं। एक समय उन्हें फख्र-ए-कौम के खिताब से निवाजा गया था। लेकिन कुछ दिन पहले जब सुखबीर बादल को सेवादार व कुछ अन्य सजाएं सुनाई गई थीं तो उसी समय उनके स्वर्गीय पिता प्रकाश सिंह से फख्र-ए-कौम का खिताब भी वापस ले लिया गया था। सुखबीर बादल के साथ अकाली दल से ताल्लुक रखने वाले कुछ अन्य लोगों को भी विभिन्न प्रकार की सजाएं दी गईं। मसलन स्वर्ण मंदिर में चल रहे लंगर में बर्तन साफ करना, शौचालयों की सफाई करना, सेवादार का काम करना इत्यादि। ये सजाएं इन सभी को पंजाब में अकाली दल की सरकार के समय लिए गए कुछेक फैसलों को लेकर दी गई हैं। अकाली दल के हाथ से 2017 में पंजाब की सत्ता खिसक गई थी। उसके बाद से अकाली दल फूट का शिकार हो गया और सत्ता खिसक जाने के कारणों पर भी चिंतन-मनन होता गया और अब भी हो रहा है।

जाहिर है चिन्तन-मनन पार्टी के भीतर ही नहीं, बाहर भी होता रहा। सब जानते हैं कि पार्टी के बाहर इस प्रकार की माथापच्ची करने वालों को आज की भाषा में थिंक टैंक कहा जाता है। पार्टी के भीतर हार के क्या कारण स्वीकार किए गए, यह तो पार्टी ही बेहतर जानती होगी, लेकिन बाहर के थिंक टैंकों ने यह स्थापित कर दिया कि हार का मुख्य कारण अकाली दल की सरकार के समय पंजाब में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की बेअदबी की कुछ घटनाएं हैं। जाहिर है इसकी जिम्मेदारी प्रकाश सिंह बादल और उनके सुपुत्र सुखबीर बादल के खाते में ही आतीं क्योंकि बड़े बादल साहिब मुख्यमंत्री थे और छोटे बादल साहिब उप मुख्यमंत्री थे। इतना ही नहीं पार्टी के प्रधान की कुर्सी भी पिता-पुत्र के बीच ही रही थी। जब एक बार यह अवधारणा स्थापित हो गई कि बेअदबी के जिम्मेदार प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से 'बादल' ही हैं तो पंजाब में प्रत्येक राजनीतिक दल चुनाव में इस बात की घोषणा करने लगा कि यदि वह जीत गया तो सबसे पहले बेअदबी के लिए उत्तरदायी इन लोगों को सजा दिलाएगा। उन दिनों में पंजाब के आला पुलिस अफसर कुंवर विजय प्रताप सिंह (मूलतः बिहार या उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं), जो आजकल पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, का कहना है कि जिन आरोपों के कारण सुखबीर बादल को आज सजा सुनाई गई है, उन सब का जिक्र मैंने अपनी रिपोर्ट में किया था। दरअसल जिन दिनों कांग्रेस के कैप्टन अमरेन्द्र सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने बेअदबी के मामले को लेकर कुंवर विजय प्रताप को जांच का जिम्मा सौंपा था।

कुंवर का कहना है कि मेरे बार-बार कहने पर भी कैप्टन ने उस



रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की। कुंवर ने इसको आधार बना कर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और पंजाब की राजनीति में छलांग लगा दी थी। सारी उम्र पुलिस में खपा देने के कारण पंजाब की हवा को सूंघने व थोड़ा बहुत बदल देने योग्य हो ही गए थे। अपनी इसी महारत के चलते वे आम आदमी पार्टी में चले गए और विधायक भी बन गए। लेकिन अपनी रिपोर्ट को अहमियत न मिलने को लेकर बराबर रोते रहे। उनका मानना है कि कैप्टन की तर्ज पर भगवन्त मान भी उनकी रपट पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। अब जब सुखबीर बादल को सजा सुना दी गई, तो कुंवर विजय प्रताप सिंह का कहना है कि यह सब बातें मेरी रपट में हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि आला पुलिस अधिकारी होते हुए भी विजय प्रताप सिंह सुखबीर बादल पर हमले के मामले में आश्चर्यजनक तरीके से मौन हैं। सजा मिलने के बाद यह तो स्पष्ट हो गया था कि अब सुखबीर बादल एक सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर के द्वार पर बैठेंगे। लेकिन केवल दो दिन के लिए ही वे वहां बैठेंगे, यह भी स्पष्ट था। उससे भी ज्यादा यह भी स्पष्ट था कि वहां आने वाले श्रद्धालुओं की तलाशी नहीं ले जाती। शायद इससे आसान अवसर व स्थान सुखबीर बादल की हत्या के लिए नहीं हो सकता था। यह साधारण सी बात, असाधारण काम करने वाली पंजाब पुलिस के वे चंद अधिकारी भी जानते ही होंगे जो इस प्रकार की घटनाओं को भांप कर रणनीति बनाते हैं। ऐसे अवसरों पर रणनीति प्रायः यह होती है कि किसी भी प्रकार से हत्यारे को उसके शिकार के पास आने से रोका जाए। कहा जा रहा है कि हमला करने वाला एक दिन पहले उस स्थान की रैकी करने भी आया था। ऐसा भी नहीं कि हमला करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञात व्यक्ति हो। उस पर पहले से ही इस प्रकार के मामलों में अनेक मुकद्दमे चल रहे हैं। वह किसी अन्य प्रान्त से भी नहीं आया था। अमृतसर के पास डेरा बाबा नानक में ही रहता है। आम तौर पर जब किसी अति सुरक्षित व्यक्ति की सुरक्षा की व्यवस्था उस समय करनी हो जब उसे किन्हीं भी कारणों से ओपन स्पेस में बैठना हो तो पुलिस उस इलाके में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखती है, ताकि वह अपने शिकार के नजदीक न फडक़ने पाए। सुखबीर बादल दो दिन इसी प्रकार की स्थिति में आने वाले थे।

ऐसे हालात में पंजाब पुलिस के उन चन्द गिने चुने वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की? अलबत्ता पुलिस ने बहुत ही शातिराना तरीके से पूरी जांच और घटना को लेकर एक और ही नैरेटिव घड़ने की कोशिश की है। एक पत्रकार ने पूछा, क्या यह नहीं हो सकता हमदर्दी हासिल करने के लिए स्वयं ही हमला करवाया गया हो? पुलिस के अधिकारियों ने तुरन्त इस वांछित सवाल को हाथों हाथ पकड़ लिया। भगवन्त मान के मन में क्या चल रहा है, यह तो वे ही जानते होंगे। पुलिस सारा मामला किस ओर ले जाना चाहती है, इसका संकेत उसने दे ही दिया है। अलबत्ता पुलिस ने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश जरूर की है कि उसके एएसआई ने ही हमलावर का हाथ झटक कर गोली का रुख सुखबीर बादल की ओर से दीवार की ओर मोड़ दिया। मामला केवल चार सेकेंड का ही था। विक्रम सिंह मजीठिया ने स्पष्ट कर दिया कि वह एएसआई पिछले बाईस साल से बादल परिवार की सुरक्षा में तैनात है और अब परिवार के सदस्य की तरह ही है। पुलिस को सफलता का श्रेय तब दिया जा सकता था यदि हमलावर को बादल के पास पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया गया होता। अलगाववादियों के मन में क्या चल रहा है, अब इसको समझने के लिए तो शोध करने की जरूरत नहीं है। हमलावर के परिवार के साथ एक बड़े कांग्रेस नेता के संबंधों की बात भी पंजाब में चर्चा बनी हुई है। आम आदमी पार्टी को अपनी सफों की एक बार जांच करनी चाहिए। सब जानते हैं कि 2017 में उसकी सफों में से ऐसा बहुत सा अवांछित सामान निकल आया था। पंजाब को फिर आतंकवाद की ओर जाने से रोकना होगा।

**-कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
**वरिष्ठ स्तंभकार**

# राशिफल

**मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : षष्ठी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवनसाथी के साथ आनंददायक जीवन गुजारेंगे। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है स्वास्थ्य में सुधार।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम। प्रेम संतान बहुत अच्छा। बहुत अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भूमि, भवन वाहन की खरीदारी की प्रबल योग बन रहा है। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम, संतान की अभी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। आपको शब्दों से अमृत टपकेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जो चाहेंगे, वैसा होगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
फैशन इत्यादि में खर्च की अधिकता रहेगी। कर्ज की स्थिति आ सकती है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# सपाइयों ने याद किये डॉ.अम्बेडकर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के



अवसर पर समाजवादी पार्टी गौतमबुद्धनगर इकाई द्वारा सूरजपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव रामसरन नागर एडवोकेट ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे। वह गरीब, पिछड़े, दलितों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा समानता और समता के लिए कार्य किया और दबे कुचले लोगों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया उनका कहना था किसी भी समाज देश का विकास शिक्षा से ही संभव है। भारत में विश्व की सबसे मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू करने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है। इस अवसर पर पार्टी के जिला महासचिव सुधीर तोमर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षिक, धार्मिक, संवैधानिक आदि क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज देश के मौजूदा हालात में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विचारों की आवश्यकता है।

इस मौके पर समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष हुकुम सिंह भारती ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने भारत के संविधान में गरीब, वंचित, शोषित, दलितों और पिछड़ों को मुख्य धारा में जोड़ने की व्यवस्था की। हम सभी को उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलते हुए राष्ट्र को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

इस मौके पर मुख्य रूप समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूनुस प्रधान, जुगती सिंह, कपिल ननका, विनोद लोहिया, अनूप तिवारी, राहुल आर्यन, गजेन्द्र यादव, हरवीर प्रधान, मुरारी लाल, महेश जाटव, पवन जोगी, अनीस अहमद, प्रवीण भाटी, असगर सैफी, राशिद सिद्दकी, मुरारी लाल गौतम, मांगेराम, राजेश गौंड, सलीम खान आदि मौजूद रहे।

# भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर के 11 मंडलों के 1040 बूथों पर और भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर भारत रत्न संविधान रचियता बाबा भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

ज़िला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की परिनिर्वाण दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री योगेश चौधरी ने किया संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि आज भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर संविधान रचियता के परिनिर्वाण दिवस पर याद कर रहा है उनका पूरा जीवन देशहित लगा उनके देख रेख में लिखे संविधान से आज देश चल रहा है।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश संविधान से चल रहा है भारत रत्न



बाबा भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखकर भारत को दिया और उन्होंने शोषित वंचितों के लिये काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी की धरोहर को जीवित रखते हुए पंचतीर्थि पहल का शुभारंभ कर अंबेडकर जी के पाँच प्रमुख स्थानों का पुनरुद्धार महु जन्म भूमि लंदन शिक्षा भूमि नागपुर दीक्षा भूमि मुम्बई चैत्य भूमि दिल्ली महापरिनिर्वाण भूमि स्थल का पुनरुद्धार कर उनके विषय में लोगो को बताने का कार्य किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री योगेश चौधरी धर्मेन्द्र कोरी जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा पवन रावल राहुल पंडित पवन नागर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य मंडल प्रभारी रवि जिन्दल जिला मंत्री सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी अनीता गौतम रिंकु भाटी अमित शर्मा महेश शर्मा मनोज भाटी संजय भाटी मुकेश चौहान विचित्र तोमर रजनी तोमर राज नागर राजीव सिंघल महेंद्र नागर आदि जिला इकाई मंडल इकाई बूथ इकाई के सैकड़ों सैकड़ों की कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



आज भाकियू संघ शक्ति के राष्ट्रीय सचिव वसील अहमद को उनके दादरी स्थित आवास पर पुलिस ने नजरबंद कर दिया।

# जनाबे फातिमा जहरा (अ.स.) की शहादत की याद में निकाला कैंडल मार्च



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनाबे फातिमा जहरा (अ.स.) के शहादत के मौके पर गांव छोलस में एक कैंडल मार्च का आयोजन मौलाना मोहम्मद सादिक की जानिब से किया गया जिसकी सदारत मौलाना फरहत अब्बास ने की।

यह कैंडल मार्च मस्जिद अमीरूल मोमैनिन से शुरू होकर कर्बला में समाप्त हुआ जहां लोगों ने जनाबे फातिमा जहरा (अ.स.) को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कैंडल मार्च में मोहम्मद सज्जाद मोहम्मद फरहान हकीम मोहम्मद मियां उम्मीद अली मुनाजिर हुसैन मसूद अकबर मुनीर छोलसी बिलाल मोहम्मद अली आदि लोग शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**देश सुरक्षित तो धर्म ....**

एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य देश के नाम, सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए. एक सच्चा संत देश और समाज की परिस्थितियों से हाथ पर हाथ रखकर चुपचाप बैठा नहीं रह सकता है।

आगामी प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एक कुंभ यहां पर है, तो दूसरा महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाला है। प्रयागराज महाकुंभ को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी है। यही नहीं यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी, 2024 को 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हैं।

उन्होंने मंच से कहा कि बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर आयोजित इस कार्यक्रम के मौके पर सभी का अभिनंदन करता हूं। एक संत की साधना उनकी यौगिक साधना का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग से भारत के योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हो रहा है। पीएम ने स्वयं इसकी साधना की थी। एक संत सच्चा योगी देश और समाज की परिस्थितियो से हाथ पर हाथ रखकर चुप नहीं बैठ सकता । अपनी आध्यात्मिक साधना से देश को आजादी दिलाने वाले आंदोलन से सदादेव फल जी महाराज भी जुड़े।

सद्गुरू सदाफलदेव जी महाराज 1857 की क्रांति के समय कहा। अकेले चुप नहीं बैठ जाना है एक पूरा हुआ तो दूसरे की शुरूआत कर देने चाहिए। पीएम का संसदीय क्षेत्र होने के नाते दस वर्षों में पीएम ने काशी का चमका दिया। दुनिया का सबसे बड़ा स्नान घाट नमो घाट जहां हेलीपैड भी है काशी में है । काशी में देव मंदिर जितने भी हैं काम हुआ है काशी में सड़क रेल वायुसेवा की कनेक्टिविटी हो सब बेहतर बनी है। काशी से हल्दिया के बीच जलमार्ग का उपयोग कर यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य हो या शिक्षा काशी चमक रही है तो यूपी पीएम मोदी के मार्ग दर्शन मे आगे बढ़ रहा है यहां विकास भी है तो विरासत का सम्मान भी है। योग को देश के अंदर वैश्विक मंच पर ले जाने का श्रेय पीएम को जाता है। इस बार 21 जून को पीएम ने विश्व योग दिवस के रूप में कर दिया। प्रयागराज कुंभ भी है। यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है । 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या में विराजमान हुए।

**दो भाईयों पर चाकू....**

नहीं किया जा सकता) को हिरासत में लिया गया है। भीकम गोविंदपुरी में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करता है। आरोपी और पीड़ति दोनों गोविंदपुरी की गली नंबर 6 के बिल्डिंग 482 की पहली मंजिल पर किरायेदार हैं। उनका शौचालय साझा था। पड़ोसियों के बीच झगड़ा तब शुरू हुआ जब 'ए' ने शौचालय का इस्तेमाल किया और फ्लश नहीं किया।

**बॉयर्स का फूटा गुस्सा....**

कि उन्होंने अपने फ्लैट के लिए पूरा पैसा जमा कर दिया है, लेकिन उन्हें अभी तक मालिकाना हक नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर और प्राधिकरण के बीच की दुश्मनी के कारण उन्हें अपने हक से वंचित किया जा रहा है। खरीददारों का कहना है कि सबको पता है कि रजिस्ट्री चालू हो गई है लेकिन हमारी रजिस्ट्री नहीं हो रही है। कहीं पर बिल्डर अथॉरिटी को पैसे नहीं दे रहा है इस कारण से रजिस्ट्री नहीं हो रही है। कई सोसाइटी में बिल्डर हजार रुपए स्क्वायर फीट के हिसाब से पैसे मांग रहा है कि हमें अथॉरिटी कार्ड ड्यू चुकाना है जो की इल्लीगल है। इस संबंध में अथॉरिटी का कहना है कि उसका कोई लेना-देना नहीं है।

प्रदर्शन में भाग ले रहे हैं धनंजय कुमार राय ने बताया कि हम लोग अथॉरिटी और बिल्डर की मनमानी से बहुत परेशान है, रजिस्ट्री नहीं हो रही है और बिल्डर रिश्वत मांग रहा है हमें इतना पैसा दीजिए हमें अथॉरिटी को देना है, लेकिन हमें बिल्डर और अथॉरिटी से कोई लेना-देना नहीं है। हमें अपने फ्लैट्स का मालिकाना हक चाहिए, इसीलिए धरना प्रदर्शन हम लोग आज कर रहे हैं। हम लोग शांतिपूर्वक डीएम को ज्ञापन देने जा रहे थे लेकिन प्रशासन ने हमें रोक दिया है इसलिए हम लोग यहां बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं प्रशासन का कहना है कि यहीं पर अधिकारी आ रहे हैं और बातचीत होगी हम लोग कि सिर्फ इतनी सी मांग है कि जो पिछली मीटिंग में तय हुआ था उसमें क्या कार्रवाई हुई उसके बारे में लिखित में दे दें।

**नमो भारत ट्रेन ....**

इन स्टेशनों में डीपीएस राजनगर गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण, मोदी नगर उत्तर और मेरठ दक्षिण शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य वाणिज्यिक विकास के साथ उन्हें एकीकृत करके पार्किंग क्षेत्रों के उपयोग को अनुकूलित करना, यात्री सुविधा और स्टेशन उपयोगिता को बढ़ाना है।

आरआरटीएस स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए बड़े पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं और इन्हीं पार्किंग स्थलों को यात्रियों की सुविधा हेतु विकसित करने के लिए इच्छुक विकासकर्ता अपने नए विकासात्मक विचारों के साथ 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी एनसीआरटीसी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

वर्तमान में, साहिबाबाद से मेरठ साउथ तक नौ स्टेशनों को जोड़ने वाले आरआरटीएस कॉरिडोर के 42 किलोमीटर हिस्से में नमो भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं। पूरा कॉरिडोर 82 किलोमीटर तक फैला है, जो दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक चलता है। चरणबद्ध कार्यान्वयन के तहत साहिबाबाद से आगे दिल्ली सेक्शन में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशनों पर भी ट्रायल रन चल रहे हैं।

**ग्रेटर नोएडा में जन....**

इसके तहत ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-2 में 13 दिसंबर दिन शुक्रवार सुबह 11 बजे सेक्टर पी-3 में 21 दिसंबर दिन शुक्रवार सुबह 11 बजे व सेक्टर बीटा-2 में 28 दिसंबर दिन शनिवार सुबह 11 बजे चन चौपाल दिवस का आयोजन किया जाएगा जन चौपाल दिवस में पहुंचकर शहर वासी अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं।

**आटा मिल में ...**

सूचना मिलते ही थाना दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। साथ ही अन्य आवश्यक कार्रवाई भी प्रचलित है। इस घटना से इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## खास खबर

### खोए हुए क्षेत्रों को वापस लेने को तैयार सीरिया

**दमिश्क** । सीरिया के रक्षा मंत्री ने विद्रोही बलों से खोए हुए क्षेत्रों को वापस लेने के लिए सेना को तैयार रहने को कह दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, अली महमूद अब्बास ने विद्रोही समूहों के खिलाफ चल रही लड़ाई पर एक बयान दिया। अब्बास ने कहा, हमारी सेना ने चरमपंथी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ भयंकर और निरंतर लड़ाई लड़ी है, जो गुरिल्ला रणनीति अपनाते हैं। इसके लिए हमारे सशस्त्र बलों को उचित रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें आगे बढ़ना, पीछे हटना और फिर से तैनात होना शामिल है। मंत्री ने वर्तमान स्थिति को बेहतर बताया। इसमें कहा गया कि हामा के बाहर हाल ही में बलों की फिर से तैनाती नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक रणनीतिक उपाय था। मंत्री ने मौजूदा चुनौतियों से पार पाने की सीरिया की क्षमता पर भी भरोसा जताया उन्होंने कहा, हमारी सेना, नागरिकों, नेतृत्व सहित हमारे सहयोगियों और मित्रों के समर्थन से, सीरिया किसी भी कठिनाई को पार करने में सक्षम है, चाहे वह कितनी भी गंभीर क्यों न हो।

### महिला की मौत मामले में अल्लू अर्जुन फंसे

**मुंबई** । पुष्पा 2 फिल्म के अभिनेता अल्लू अर्जुन कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है। दरअसल, 4 दिसंबर को हैदराबाद में पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में एक महिला की मौत मामले में केस दर्ज हुआ है। अल्लू के अलावा उनकी सुरक्षा एजेंसी और संध्या थिएटर के खिलाफ गैर-इरादतन का केस दर्ज हुआ है। बताया जा रहा है कि अल्लू बताए बिना ही 4 दिसंबर की रात हैदराबाद के संध्या थिएटर पहुंच गए थे। वह वहां अपनी फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के लिए गए थे। अल्लू अर्जुन को देख थिएटर के बाहर खड़े फैंस अपने चेहते अभिनेता को देखने के लिए उमड़ पड़े और भगदड़ मच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक फैंस का पूरा हुजूम थिएटर के अंदर घुसने की कोशिश करने लगा। इससे अंदर भारी भीड़ हुई और लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। भीड़ को काबू में लाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा पर जिससे स्थिति बिगड़ गई। सांस घुटने से कुछ लोग बेहोश भी हो गए जिन्हें बाद में अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान एक महिला की मौत हो गई। पूरे मामले में अल्लू अर्जुन को जिम्मेदार ठहराया गया है। अभिनेता के साथ-साथ उनकी सुरक्षा एजेंसी और संध्या थिएटर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### सिर मुड़वाकर किया राष्ट्रपति का विरोध

**नई दिल्ली** । दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति का विरोध भारतीय परंपराओं के अनुसार साउथ कोरिया में किया जा रहा है। दक्षिण कोरिया के नागरिकों ने राष्ट्रपति का विरोध करने के लिए सिर मुड़वाया जा रहा है। राष्ट्रपति कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। हाल ही में नौ सैनिकों ने सिर मुड़वाते हुए विरोध जाहिर किया था। उसके बाद अन्य लोगों ने भी सिर मुंडवाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जगह-जगह देखने को मिल रहा है।

# दो सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत

एजेंसी

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और चित्रकूट जिलों में हुए सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई है और 10 लोग घायल हुए हैं। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पहली घटना पीलीभीत जिले की है। जिले में टनकपुर हाइवे पर न्यूरिया कस्बे में बेकाबू होकर कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में दुल्हन के पिता समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। जान गंवाने वालों में उत्तराखंड निवासी शरीफ अहमद (50), बहाबुद्दीन (60), मुन्नी देवी (65), राकिब (10), वाहन चालक अकरम (35) और 65 वर्षीय मंजूद अहमद हैं। घायलों में आठ साल का गुलाम अहमद, रईस, अमजदी, जाफरी बेगम है।



इनमें गुलाम और रईस की हालत नाजुक है। न्यूरिया थानाध्यक्ष रूपा बिष्ट ने बताया कि खटीमा कोतवाली के ग्राम जोर निवासी हुसना बी का निकाह पीलीभीत के ग्राम चंदोई निवासी अनवर से बुधवार को हुआ। अनवर ने गुरुवार को वलीमा (दावत) अपने घर पर रखी थी। इसमें शामिल होने के लिए लड़की पक्ष के लोग आए थे। कार में कुल 10 लोग सवार थे। गुरुवार रात को टनकपुर हाई-वे के पास ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हुए हैं। दूसरा हादसा चित्रकूट जिले में झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग की है। जिले की रैपुरा थाना के पास शुक्रवार सुबह हुए हादसे में बोलेरो सवार छह लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के निवासी नन्हे, हरिराम (45), मोहन (45), रामू (44), मांगना (65) और रामस्वरूप यादव के रूप में हुई है, जबकि जमुना (42), कामता, फुला (40) पत्नी जमुना, राज अहिरवार (18) पुत्र जमुना, आकाश (15) पुत्र जमुना, एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से दो की हालत ज्यादा गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना।

## बाबा सिद्दीकी से पहले हिट लिस्ट में थे अभिनेता सलमान खान

एजेंसी

**मुंबई**। पिछले कई महीनों से बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इतना ही नहीं बिश्नोई गैंग द्वारा सलमान खान के घर पर फायरिंग भी की गई थी। सलमान खान के बेहद करीबी दोस्त और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी को बिश्नोई गैंग के तीन शूटरों ने मुंबई में गोली मार दी थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर बिश्नोई गैंग की ओर से एक पोस्ट शेयर कर इस हत्या की जिम्मेदारी ली गई। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में अब तक पुलिस ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच खबर है कि बाबा सिद्दीकी मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने अब एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा



किया है। आरोपी ने कहा कि बाबा सिद्दीकी से पहले उसका टारगेट सलमान खान थे। हालांकि कड़ी सुरक्षा के चलते वे सलमान खान पर गोली नहीं चला सके। उसने कई बार सलमान खान पर गोली चलाने की कोशिश की। लेकिन सलमान खान के आसपास भारी सुरक्षा के कारण यह संभव नहीं हो सका। बता दें कि सलमान खान को पिछले कुछ दिनों से बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान कड़ी सुरक्षा के बीच अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं। लगातार मिल रही धमकियों के चलते उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## किसान आंदोलन : शंभू बॉर्डर पर किसानों का प्रदर्शन

▸ पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, दिल्ली कूच पर अड़े किसान

एजेंसी

**नई दिल्ली**। शंभू बॉर्डर पर किसान संगठनों का आंदोलन एक बार फिर जोर पकड़ता दिखा है। आठ महीने से धरने पर बैठे किसानों ने सोमवार को दिल्ली चलो आंदोलन के तहत बैरिकेड तोड़कर दिल्ली की ओर कूच करने का प्रयास किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और एक किसान को हिरासत में ले लिया। अंबाला में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं और सार्वजनिक सभाओं पर भी रोक लगाई गई है। पिछले 8 महीने से शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसान



संगठन एक बार फिर दिल्ली कूच की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। धरना-प्रदर्शन के बीच शंभू बॉर्डर पर किसानों ने आगे बढ़ने की कोशिश भी की हैं। किसानों ने आगे बढ़ते हुए बैरिकेड की एक लेयर को रास्ते से हटा दिया, जिसे देखते हुए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं, वहीं एक किसान को डिटेन भी किया गया है। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 08 महीनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में शुक्रवार को करीब 1 बजे 101 किसानों का पहला जत्था पैदल दिल्ली रवाना होने के लिए जुटा। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के बिना ही दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। बताते चलें कि किसानों का यह आंदोलन पिछले साल 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर जारी है। किसान आंदोलन को देखते हुए हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त इंतजाम किए हैं। शंभू बॉर्डर पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। अर्धसैनिक बल, ड्रोन के साथ ही किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वाटर कैनन के उपाय किए गए हैं। अंबाला में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं और सार्वजनिक सभाओं पर रोक लगाई गई है। किसानों ने इस आंदोलन को दिल्ली चलो नाम दिया है। उनका कहना है कि यह सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने का प्रयास है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 1 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई**। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर काम करने वाले और विदेश से आए एक व्यक्ति को हवाई अड्डे के बाहर एक फूड स्टॉल के एक कर्मचारी के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में डेढ़ किलो सोना जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 5 लाख रुपये है। बताया गया है कि सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुबई से मुंबई में सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद संबंधित उड़ान से उतरे एक यात्री को अधिकारियों द्वारा निगरानी में रखा गया था। इस शख्स का नाम है मुशाहिद अख्तर अंसारी।

## जहरीली नाइट्रोजन डाइऑक्साइड से मुंबई की सेहत खतरे में

एजेंसी

**मुंबई**। मुंबई शहर में लगातार बिगड़ते पर्यावरण का मुख्य कारण सड़क यातायात है। सड़क पर भारी यातायात के कारण पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। पिछले साल, शहर की वार्षिक औसत एनओ2 सांद्रता 24 सतत परिवेश वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों में से 22 में डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य दिशा निर्देशों से अधिक थी। हाल ही में बियॉन्ड नॉर्थ इन सेवन मेजर इंडियन सिटीज नाम की एक रिपोर्ट में 2023 में प्रदूषण के स्तर का खुलासा हुआ है। मुंबई के मलाड पश्चिम में उच्चतम स्तर दर्ज किया गया, उसके बाद बस डिपो के पास सड़क किनारे स्टेशन बांद्रा कुर्ला का स्थान रहा। दैनिक एनओ2 का औसत भी दिशा निर्देशों से अधिक हो गया, मझगांव और सायन में वर्षा की सीमा 70 प्रतिशत से अधिक हो गई। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) एक लगभग अदृश्य जहरीली गैस है जो आमतौर पर शहरी क्षेत्रों में यातायात और ईंधन जलाने से जुड़ी होती है। जीवाश्म ईंधन से वाहन और बिजली उत्पादन एनओ2 के महत्वपूर्ण स्रोत हैं, जो फेफड़ों और श्वसन रोगों का कारण बन सकते हैं। ये बीमारियाँ मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट के सारांश के अनुसार, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के कारण मुंबई में सबसे अधिक लगभग 5400 मौतें हुई हैं। इसके बाद कोलकाता और बेंगलुरु में कई लोगों की मौत हो गई. एनओ2 के संपर्क में आने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## आरोप पत्र उसी भाषा में दें, जिस भाषा को आरोपी समझता है: हाईकोर्ट

एजेंसी

**चंडीगढ़** । पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा आरोपी को अपना बचाव करने का पूरा अधिकार है। अपराधिक मामले में आरोपी को उसी भाषा में आरोप पत्र दिए जाना चाहिए। जिस भाषा को आरोपी अच्छी तरह से समझता है। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया। जिसमें कहा गया था, कि आरोपी के वकील को पंजाबी भाषा की समझ है। इसीलिए पंजाबी भाषा में आरोप पत्र दिया गया था। हिंदी भाषा में आरोप पत्र दिए जाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इस पर




हाईकोर्ट ने कहा, अपराधिक प्रकरण का आरोपी हिंदी भाषा को समझता है। उसे गुरुमुखी भाषा का ज्ञान नहीं है। आरोपी को अपने बचाव का अधिकार है। ऐसी स्थिति में ट्रायल कोर्ट को हिंदी भाषा में आरोप पत्र उपलब्ध करने का आदेश दिया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार की दलील को खारिज कर आरोपी को हिंदी भाषा में आरोप पत्र उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मुंबई** । देश में इनदिनों अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म के सारे शो हाउसफुल जा रहे हैं। थिएटर के बाहर लोगों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। इसी बीच फिल्म देखने जा रहे अल्लू के एक फैन के साथ दुर्घटना घट गई। बेंगलुरु के बशेट्टीहल्ली में एक 19 वर्षीय युवक की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की है, जब परवीन तामाचलम नामक युवक अपने दो दोस्तों के साथ फिल्म पुष्पा 2 देखने जा रहा था। परवीन श्रीकाकुलम निवासी और बशेट्टीहल्ली के एक निजी कंपनी में काम करता था।

## अमेरिकी मैरीन सैनिकों ने बंद की सांप का खून पीने की ट्रेनिंग

एजेंसी

**वॉशिंगटन** । अमेरिकी मैरीन सैनिकों के लिए अब सांप का खून पीने की ट्रेनिंग बंद करने का निर्णय लिया गया है। जंगल में जिंदा रहने के इस अभ्यास में सैनिकों को कीड़े, सांप, छिपकली और बिच्छू जैसे जीवों को पहचानने और खाने की ट्रेनिंग दी जाती है। पानी की अनुपलब्धता में उन्हें कोबरा जैसे जहरीले सांपों का खून पीने के लिए भी तैयार किया जाता है। यह अभ्यास सिखाता है कि अगर सैनिक अपनी इकाई से अलग हो जाएं या दुर्गम स्थानों पर फंस जाएं, तो कैसे जीवित रह सकते हैं। कोबरा गोल्ड अभ्यास का सबसे चर्चित हिस्सा है सैनिकों द्वारा सांप



का खून पीना। यह न केवल खतरनाक है बल्कि बेहद चुनौतीपूर्ण भी। सैनिकों ने बताया कि सांप का खून मीठा स्वाद देता है, लेकिन इसे पीने का अनुभव मानसिक और शारीरिक रूप से बेचैन करने वाला हो सकता है। हालांकि, यह खतरनाक प्रथा अब बंद कर दी गई है। पेटा और अन्य पशु अधिकार संगठनों के अभियान के कारण यह फैसला लिया गया। इन संगठनों ने जंगल में इस तरह के अभ्यास को अमानवीय और अप्राकृतिक बताया। अब इस ट्रेनिंग में अधिक सुरक्षित और पर्यावरण-संवेदनशील विकल्प शामिल किए गए हैं। कोबरा गोल्ड जैसे सैन्य अभ्यास सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने के लिए किए जाते हैं। हालांकि, इस ट्रेनिंग में आने वाली चुनौतियां आम लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती हैं, लेकिन युद्ध और संकट के समय में ये कौशल बेहद उपयोगी साबित होते हैं। यह अभ्यास आज भी अपने अद्वितीय और साहसिक स्वरूप के लिए चर्चा का विषय बना रहता है, और यह दिखाता है कि सैन्य बलों को किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए कैसे तैयार किया जाता है। कोबरा गोल्ड प्रशिक्षण के दौरान खाए जाने वाले जानवरों और सरीसृपों में बिच्छू, टारेंटुला, छिपकली, चिकन आदि शामिल रहती है।

## पाकिस्तान से संबंध बेहतर करने में जुटा रूस

▸ दोनों देश नई रेल लाइन से जुड़ने को तैयार

एजेंसी

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान और रूस के बीच रिश्ते बीते कुछ समय से बेहतर हो रहे हैं। अब दोनों देश सीधी रेलवे लाइन से जुड़ने की योजना बना रहे हैं। पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री अवैस अहमद खान लेघारी ने बताया है कि रूस और पाकिस्तान को नई मालगाड़ी लाइन से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू करने पर बात हो रही है, जिस पर जल्द ही फैसला होगा है। दोनों देशों का बेहतर होता रिश्ता इसलिए ध्यान खींच रहा है, क्योंकि रूस ऐतिहासिक रूप से भारत का दोस्त रहा है लेकिन बीते कुछ



समय में पाकिस्तान से अपने संबंधों को सुधार रहा है। पाकिस्तान के रूस में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने इस साल खांटी-मानसीस्क में हुए अंतरराष्ट्रीय आईटी फोरम में आईएनएसटीसी (इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर) में शामिल होने की इच्छा जाहिर की थी। आईएनएसटीसी एक 7,200 किलोमीटर लंबा परिवहन मार्ग है जो रूस और पश्चिम एशिया को ईरान के रास्ते भारत से जोड़ता है। लेघारी ने बताया कि अगले साल मार्च में पहली बार रूस से पाकिस्तान के लिए मालगाड़ी चलेगी। ये ट्रेन ईरान और अजरबैजान होकर रूस से पाकिस्तान का सफर करेगी। लेघारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी है। दोनों ही तरफ से इसमें काफी रुचि दिखाई जा रही है और उम्मीद है कि इस मामले में कोई ठोस नतीजा निकलेगा। इसी साल अक्टूबर में रूस के फेडरेशन काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच परिवहन और रसद परियोजनाओं पर चर्चा हुई थी। लेघारी ने कहा है कि सीधी रेलवे लाइन से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंध मजबूत होने है।

### बहामास की संसद में भारी हंगामा

**नासाऊ**। संसद के भीतर हंगामा, नारेबाजी और एक दूसरे पर जूते चप्पल फेंकना आम बात है। लोग इस तरह की घटनाओं को ज्यादा गंभीरता से भी नहीं लेते हैं। ऐसे नजारे सिर्फ भारत में नहीं दिखते बल्कि सात समंदर पार भी दिखाई देते हैं। बहामास की संसद में गुरुवार को भी सरकार के एक फैसले का विरोधी सांसद विरोध कर रहे थे। इसी दौरान एक सांसद ने सदन के भीतर प्रतीकात्मक तौर पर रखे गए संगोल को उठाकर खिड़की से बाहर फेंक दिया। इस घटना के बाद सदन में विपक्ष के डिप्टी लीडर शानेनडोन कार्टराइट को पुलिस और अधिकारियों ने पकड़ने की कोशिश की।

## कैलिफोर्निया में 7 की तीव्रता से आया भूकंप

एजेंसी

**कैलिफोर्निया**। अमेरिका के कैलिफोर्निया में सुबह सुबह बहुत जोरदार भूकंप आया। करीब 7 की तीव्रता से वाले इस भूकंप की वजह से 53 लाख लोगों पर संकट पर आ गया। भूकंप के जोरदार झटकों से अमेरिका सहम गया। अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में गुरुवार को 7.0 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि ग्रोसरी स्टोर में रखा सामान गिर गया। आनन-फानन में स्कूलों में बच्चों को डेस्क के नीचे बैठाया गया। अमेरिकी पश्चिमी तट पर रह रहे 53 लाख लोगों के लिए सुनामी की चेतावनी भी जारी करनी पड़ी। भूकंप के कुछ देर बाद ही



उत्तरी कैलिफोर्निया में लोगों के फोन पर राष्ट्रीय मौसम सेवा की तरफ से सुनामी की चेतावनी जारी की गई। इस चेतावनी में कहा गया था कि आपके तट के पास तेज लहरें और समुद्री बहाव देखने को मिल सकता है। आप खतरे में हैं। तुरंत समुद्र किनारे से हट जाएं। किसी ऊंची जगह पर चले जाएं या फिर अंदरूनी इलाकों में चले जाएं। सैन फ्रांसिस्को के दक्षिण में सांता क्रूज में प्रशासन ने मुख्य समुद्र तट को खाली करवा दिया और पुलिस ने जगह-जगह पर टेप लगाकर लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप सुबह (गुरुवार स्थानीय समयानुसार) 10:44 बजे फेरंडेल शहर के पश्चिम में आया।

## पावरग्रिड ने आईआईटी रुड़की के साथ उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए किया समझौता

एजेंसी

**गुरुग्राम** । भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने दिनांक 6दिसंबर 2024 को आईआईटी रुड़की के साथ 20.73 करोड़ के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योगदान के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य संस्थान के कंप्यूटर केंद्र में तीन अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) को स्थापित कर प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देना है। इस एमओयू पर हस्ताक्षर पावरग्रिड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, आर. के. त्यागी, निदेशक (कार्मिक), डॉ. यतीन्द्र




द्विवेदी, निदेशक (प्रचालन), नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (परियोजनाएं) वामसी राम मोहन बुर्रा, कार्यपालक निदेशक(सीसी-सीएमजी), विक्रम सिंह भाल, कार्यपालक निदेशक(सीएसआर एवं दक्षिणी क्षेत्र -क) श्री ए. नागराजू, कार्यपालक निदेशक(सीटीयूआईएल), जसबीर सिंह, आईआईटी, रुड़की के निदेशक, प्रो. के. के. पंत एवं संस्थान कंप्यूटर केंद्र के प्रमुख प्रो. सतीश कुमार पेड्डोजू तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किये गए। अरविंद कुमार राय, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सीएसआर), पावरग्रिड और प्रो. आर.डी. गर्ग, डीन रिसोर्सेज एवं एलुमनाई, आईआईटी रुड़की ने पावरग्रिड के कॉर्पोरेट केंद्र में इन उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना के लिए इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कैंपस यूएचएस नेटवर्क के लिए एक कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर, एक आईओटी अनुसंधान और अनुप्रयोग केंद्र, और साइबर सुरक्षा और मोबाइल सुरक्षा हैकथॉन लिए एक लैब और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इस पहल से आईआईटी, रुड़की के लगभग 11,000 ऑन-कैंपस छात्रों और अन्य लोगों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास को सक्षम किया जा सकेगा। 1847 में स्थापित आईआईटी, रुड़की एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है जो इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन, वास्तुकला और योजना, और मानविकी और सामाजिक विज्ञान में उच्च शिक्षा प्रदान करता है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पावरग्रिड के व्यापार मॉडल में निहित है और यह संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों से संगत है। पावरग्रिड अपनी सीएसआर पहलों से देश भर में आर्थिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार योगदान दे रहा है। 30 नवंबर 2024 तक, पावरग्रिड 280 सब स्टेशनों, 1,78,975 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनों और 5,45,961 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर संचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग के साथ, पावरग्रिड 99.80% की औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

## स्कूल में छात्रों को सिगरेट पीने के लिए मिलता है ब्रेक

एजेंसी

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया का एक स्कूल आजकल चर्चा में है, क्योंकि यहां पर छात्रों को सिगरेट पीने के लिए ब्रेक मिलता है। इस विचित्र नियम के पीछे जो कारण है, वो भी काफी अजीब है! जानकारी के मुताबिक क्वीन्सलैंड के अरथूसा कॉलेज के डिसेप्शन बे कैंपस में छात्रों को सिगरेट पीने की इजाजत खुद स्कूल प्रशासन देता है। रिपोर्ट के अनुसार करीब 50 बच्चे स्कूल में बनाए गए खास स्मोकिंग जोन में सिगरेट पीते हैं। कॉलेज का दावा है कि वो पहले छात्रों के माता-पिता से इसके लिए पर्मिशन ले लेते हैं, पर एक मां-बाप ने कहा था कि उन्होंने मना किया था, उसके बावजूद उनके बच्चों को सिगरेट पीने दिया जाता है। स्कूल का कहना है कि छात्रों को सिगरेट पीने



की आदत लग जाती है। वो छुपकर पिएंगे, या फिर सिगरेट पीने की लत की वजह से स्कूल नहीं आएंगे। इससे उनकी शिक्षा पर बुरा असर पड़ेगा। इससे बचने के लिए स्कूल ने कैंपस में ही सिगरेट कॉर्नर बना दिया, जहां बच्चे सुरक्षित और सुपरवाइज की हुई जगह पर स्मोक कर सकते हैं। स्कूल का मानना है कि ऐसे नियम बनाने का सबसे बड़ा कारण ये है कि जिन बच्चों को सिगरेट की लत है, वो स्कूल में भी अपने स्ट्रेस को कम कर सकते हैं, और अपने हिंसक स्वभाव पर काबू पा सकते हैं।

## खास खबर

### 36 साल के हुए रविन्द्र जडेजा

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 6 दिसंबर को 36 साल के हो गये। इस अवसर पर उन्हें साथ खिलाड़ियों के साथ ही प्रशंसकों ने भी बधाई दी है। जडेजा भारतीय क्रिकेट के सबसे अच्छे ऑलराउंडरों में उनकी गिनती होती है। जडेजा इस साल की शुरूआत में टी20 विश्वकप में मिली जीत के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। टेस्ट में उनके नाम 300 से अधिक विकेट होने के साथ ही 3000 से अधिक रन हैं। वह दो बार सफेद गेंद से आईसीसी खिताब जीतने के दौरान टीम में रहे हैं। ये जीत उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2013 और आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में मिली हैं। जडेजा ने अपने करियर के यादगार इस साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट के दौरान दोनो ही पारियों में पांच-पांच विकेट लिए थे। एक पारी में 100 से अधिक रन और 5 विकेट का रिकार्ड भी उनके नाम है।

### स्टार्क ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एडीलेड । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली ही गेंद पर आउट हो गये। यशस्वी को मिचेल स्टार्क ने आउट किया। इससे यशस्वी जायसवाल गोल्डन डक होने वाले क्लब में शामिल हो गये। दिन-रात के इस मैच में भारतीय टीम की शुरूआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की। मैच की पहली ही गेंद का सामना करने में यशस्वी विफल रहे और स्टार्क ने एक विश्व रिकार्ड बना लिया। इसी के साथ ही मिचेल स्टार्क ने पहली ही गेंद पर सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की है। इस प्रकार स्टार्क ने टेस्ट करियर में तीसरी बार मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लिया है। वहीं उनसे पहले केवल वेस्टइंडीज के पेड्रो कॉलिंस के नाम ही ये उपलधि है। इसके अलावा भारतीय टीम के महान ऑलराउंडर कपिल देव के नाम टेस्ट करियर में अपनी पहली ही गेंद पर 2 बार विकेट लेने का रिकार्ड है। कपिल के अलावा रिचर्ड हैडली, ज्योफ अर्नाल्ड और सुरंगा लकमल ने भी दो बार पहली ही गेंद पर विकेट लिए हैं।

### बीबीएल 14 : चोटों ने बढ़ाई टीमों की चिंता

**मेलबर्न।** बिग बैश लीग (बीबीएल) के नए सत्र की शुरूआत में अब केवल एक सप्ताह का समय बचा है, हालांकि खिलाड़ियों की चोटों ने टीमों की चिता बढ़ा दी है। तीन टीमों के कप्तान बीबीएल 14 के शुरूआती मैच के लिए फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जबकि कई अन्य चोटों से ऊबरने में लगे हैं। र्थ स्कॉर्चर्स के कप्तान एश्टन टर्नर पर सबसे ज्यादा संकट मंडरा रहा है, क्योंकि सप्ताहांत में क्लब टीम फ्रेमैंटल के लिए बल्लेबाजी करते हुए उन्हें चोट लग गई, जबकि सिडनी सिक्सर्स के मोइसेस हेनरिक्स और मेलबर्न रेनेगेड्स के विल सदरलैंड पिछले दो शेफील्ड शील्ड खेलों में नहीं खेल पाए हैं और बीबीएल ब्रेक से पहले शुक्रवार के अंतिम राउंड में भी नहीं खेल पाएंगे।

# भारत की पहली पारी 180 रन पर सिमटी, स्टॉर्क ने झटके 6 विकेट

- राहुल-गिल के बीच 69 रनों की साझेदारी
- नीतीश ने खेली तेज पारी

एजेंसी

**एडिलेड।** भारत ने यहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) के पहले दिन अपनी पहला पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे, उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का




फैसला किया। मिचेल स्टॉर्क ने मैच की पहली ही गेंद पर पिछले मैच के शतकवीर यशस्वी जायसवाल (00) को एलबीडब्ल्यू कर भारत की शुरूआत बिगाड़ दी। इसके बाद केएल राहुल और शुभमन गिल ने मिलकर भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की और दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। खतरनाक दिख रही इस जोड़ी को स्टॉर्क ने अपने दूसरे स्पैल की पहली गेंद पर केएल राहुल को आउट कर तोड़ा। राहुल ने 37 रन बनाए। विराट कोहली कुछ खास नहीं कर सके और केवल 7 रन बनाकर स्टॉर्क का तीसरा शिकार बने। स्कॉट बोलैंड ने इसके बाद 81 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। गिल ने 31 रन बनाए। 87 के कुल स्कोर पर बोलैंड ने रोहित शर्मा (03) को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। 109 के कुल स्कोर पर पंत पैट कमिंस का शिकार बने। पंत ने 21 रन बनाए। यहां से नीतीश रेड्डी और रविचंद्रन अश्विन ने टीम का स्कोर 141 रन तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर स्टॉर्क ने अश्विन को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया। अशअविन ने 22 रन बनाए। स्टॉर्क ने इसके बाद इसी ओवर में हर्षित राणा (00) को बोल्ड कर अपने पांच विकेट पूरे किये। राणा के आउट होने के बाद नीतीश रेड्डी ने अपने हाथ खोले और स्टॉर्क और बोलैंड को आड़े हाथों लिया। उन्होंने बोलैंड के एक ओवर में 2 छक्के सहित 21 रन कूट डाले। इसी बीच जसप्रीत बुमराह (00) को कमिंस ने पवेलियन भेज दिया। 180 के कुल स्कोर पर स्टॉर्क की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में नीतीश ट्रैविस हेड को कैच दे बैठे। नीतीश ने 42 रनों की शानदार पारी खेली, उन्होंने अपनी पारी में 3 छक्के लगाए।

### यशस्वी को देखकर एक दशक पहले का अपना दौरा याद आ गया : राहुल

एडीलेड। बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा है कि वह जब भी युवा यशस्वी जायसवाल को देखते हैं। उन्हें एक दशक पहले का अपना ऑस्ट्रेलिया दौरा याद आ जाता है। वह एक प्रकार से यशस्वी में अपने आप को देखते हैं। राहुल ने साल 2014-15 की मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तीन और एक रन बनाये थे पर इसके बाद अगले मैच मैच में उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में जबरदस्त वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाये थे। सिडनी में दूसरी पारी में राहुल दबाव में भी थे। उन्होंने एक घंटे में मुरली विजय के साथ तब केवल 16 रन बनाए थे, तब विजय ने उन्हें आराम से खेलने को कहा था। राहुल अब यशस्वी जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी। राहुल और यशस्वी ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 201 रन की रिकार्ड साझेदारी की थी। यशस्वी ने पर्थ में शतक लगाया था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे। यशस्वी के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, ह्यमैंने उसमें अपने आप को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी की शुरूआत कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं ।

# श्रीलंका को हराकर भारत फाइनल में, बांग्लादेश से होगी खिताबी भिड़ंत

एजेंसी

**शारजाह।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया। भारत की तरफ से वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 67 रनों की शानदार पारी खेली। फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश से होगा, जिसने पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। श्रीलंका ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.2 ओवर में 173 रन बनाए थे। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे ने तेज




और अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए केवल 8.2 ओवर में 91 रन जोड़ दिये। इस दौरान वैभव ने केवल 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि 91 के ही कुल स्कोर पर विहास थेवमिका ने महात्रे को आउट कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। महात्रे ने 28 गेंदों पर 7 चौकों की बदौलत 34 रन बनाए। इसके बाद वैभव और आंद्रे सिद्धार्थ टीम का स्कोर 14वें ओवर में 132 रन तक पहुंचाया। इसी ओवर में 148 के कुल स्कोर पर प्रवीण मनीषा ने वैभव को बोल्ड कर भारत को दूसरा झटका दिया। वैभव ने 36 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्कों की बदौलत 67 रन बनाए। 148 के कुल स्कोर पर सिद्धार्थ 22 रन बनाकर विरन चमुदीथा का शिकार बने। यहां से कप्तान मोहम्मद अम्मान और केपी कार्तिकेय ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारत को 7 विकेट से जीत दिला दी। अम्मान 25 और कार्तिकेय 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 21.4 ओवर में 175 रन बनाकर जीत हासिल की।

# रहाणे की आक्रामक पारी से मुम्बई ने आंध्र को हराया

एजेंसी

**हैदराबाद ।** मुम्बई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंद में 95 रन बनाये। इससे मुम्बई की टीम आंध्र को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस मैच में आक्रामक पारी खेली इसके अलावा सूर्यांश शेडगे ने 8 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये। इससे मुंबई ने ग्रुप ई में आंध्र के 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.3 ओवर में ही 6 विकेट पर 233 रन बनाकर 4 विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस मैच में पृथ्वी शॉ (15 गेंद में 35 रन), शिवम दुबे



(18 गेंद में 34 रन) और श्रेयस अय्यर (11 गेंद में 25 रन) ने भी अहम पारियों खेलीं। वहीं सूर्यकुमार यादव इस मैच में केवल 4 रन ही बना पाये। आंध्र की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने 53 गेंद में 8 चौकों और 4 छक्कों से नाबाद 93 रन बनाये। अश्विन हेब्बार ने 52 रन जबकि कप्तान रिकी भुई ने 68 रन बनाये। वहीं बंगाल और राजस्थान के एक अन्य मैच में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 3 विकेट लिए जबकि अभिषेक पोरेल ने अर्धशतक लगाया। इससे बंगाल ने सात विकेट से जीत के साथ ही क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। बंगाल ने राजस्थान को नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया। इसके बाद पोरेल ने 48 गेंद में 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 78 रन की तेज पारी खेलकर बंगाल को जीत दिला दी। इसके अलावा दिल्ली ने एक अन्य मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश को 13 ओवर शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया।

# ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों से नहीं निपट पा रहे विराट : मांजरेकर

एजेंसी

**एडीलेड ।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों को लेकर अपनी कमजोरी को दूर नहीं कर पाये हैं। इसी कारण वह बड़ी पारियों नहीं खेल पा रहे और उनका बल्लेबाजी औसत भी गिरा है। कोहली का औसल 50 से घटकर अब 48.13 पर आ गया है। कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट में शतक लगाकर लय हासि की थी पर एडीलेड में वह एक बार फिर विफल रहे। वह इस मैच की पहली पारी में केवल सात रन ही बना पाये। कोहली तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की ऑफ स्टंप के बाहर उछाल लेती गेंदों पर कैच हुए। कोहली के आउट होने के बाद मांजरेकर ने सोशल



मीडिया में लिखा, ह्यविराट का औसत अब 48 के आसपास पहुंचने का एक अहम कारण ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को ठीक से नहीं खेल पाना है। इसी में वह अपना विकेट गंवा देते हैं। टेस्ट में कुछ साल पहले तक कोहली का औसत 54-55 के आसपास था पर लंबे समय तक बड़ी पारी खेलने में विफल रहने के कारण साल 2022 में उनका औसत 50 के नीचे गिर गया था।

## राज्यस्तरीय डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा 22 को

**इन्दौर ।** सीटीसी वालीबॉल क्लब द्वारा राज्य स्तरीय डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा क्लब ग्राउण्ड, किला मैदान रोड़ पर रविवार 22 दिसम्बर को आयोजित की जा रही है। इस स्पर्धा में इन्दौर के साथ ही भोपाल, उज्जैन, देवास, धार, झाबुआ, रतलाम, जावरा सहित अन्य जिलों की टीमें भी शामिल होंगी। सीटीसी क्लब के अध्यक्ष गोवर्धन रघुवंशी व सचिव नरेश दुबे ने बताया कि यह डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा भूतपूर्व खिलाड़?यों के सम्मान में उनका मनोबल बढ़ाने के लिए आयोजित की जाती है। उन्होने बताया कि प्रदेश के मालवा क्षेत्र में प्रसिद्ध डायरेक्ट वालीवाल जो कई वर्षों तक खेला गया, लेकिन शूटिंग वालीबाल ने इस खेल की प्रसिद्धि को कम कर दिया है। सीटीसी क्लब इस परंपरागत खेल की राज्य स्तरीय स्पर्धा पुरानी डायरेक्ट फिक्स पद्धति से ही आयोजित कराता है।

# झारखंड जूनियर थ्रोबॉल टीम इंदौर रवाना

- 34वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में टीम लेगी हिस्सा

एजेंसी

**रांची।** भारतीय थ्रोबॉल संघ एवं मध्य प्रदेश थ्रोबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में 09 से 11 दिसंबर 2024 तक द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर, मध्य मप्रदेश में आयोजित हो रहे 34वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 सदस्यीय झारखंड जूनियर (बालक/बालिका) टीम आज रवाना हुई। झारखंड टीम के झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ खेल का आंनद लें। एक बार मे एक मैच को जीतने की प्लानिंग करें। ऐसा



करना से सफलता जरूर हासिल होगी। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के सचिव नगीना कुमार ने कहा कि झारखंड की बालक एवम बालिका टीमों ने पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं इसलिए उनसे अपेक्षाएं है कि वह इस कार्य मे निरंतरता लाएंगे। खेल में विजयी होने के लिए एकाग्रता महत्वपूर्ण है। जब खिलाड़ी मैदान में उतरे तो शारीरिक एवम मानसिक ऊर्जा को संयुक्त रूप अप्लाई करें, इससे निश्चित ही प्रदर्शन में अतुलनीय निखार आएगा और लक्ष्य की प्राप्ति होगी। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के डॉ. राजेश गुप्ता, विजेता वर्मा, भरत कांशी, वेदांत कौस्तव, परवाज खान, जमील अंसारी, सुनील चक्रवर्ती, नगीना कुमार, राजेश कुमार, गौरव सिंह, कीर्ति कुमार, सोनू सिंह, नीरज वर्मा, देवव्रत कुमार, अमित कुमार, नीतीश सिंह, भवानी शंकर महतो, सुनीता महतो आदि ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

**जूनियर बालक टीमः** राहुल थापा (कप्तान), उदय कुमार सिंह, राहुल सिंह, अंशुमन राज, श्रवण कुमार, गोविंदा ब?ऊरी, मो.अदनान हुसैन, अर्जुन टुडू, प्रदीप महतो, श्याम कुमार, राजा लोहरा, अर्जुन लकड़ा, विवेक लोहारा, गोकुलानंद मिश्रा (प्रशिक्षक), राजेश सिंह (प्रबंधक)

**जूनियर बालिका टीमः** प्रमिला सोरेन (कप्तान), सुनीता सुरीन, मालाबती टुडू, मलिता टुडू, इशा शर्मा, संखी बास्के, सोनिया हांसदा, सीमा हांसदा, प्राची महतो, चुरामणि टुडू, जीरामणि हांसदा, लक्ष्मी सोरेन, अर्शी मारूफ, सुकांता कुंडू (प्रशिक्षक), गौतम सिंह (प्रबंधक)।

# ऋषभ बड़ी आसानी से खेलते हैं टेस्ट क्रिकेट : द्रविड़

एजेंसी

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को काफी हद तक भर दिया है। द्रविड़ के अनुसार ऋषभ टेस्ट क्रिकेट को उसी प्रकार आसानी से खेलते हैं जैसे बत्तख पानी में तैरती है। द्रविड़ ने कहा, ह्य विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा। मैं यह नहीं कह रहा कि उसने उनकी जगह ले ली है पर निश्चित रूप से



टेस्ट क्रिकेट में उसका प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा है। उन्होने कहा, ह्यऋषभ को पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे में गाबा टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना यादगार था, जब सब कुछ दांव पर लगा हुआ था और टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी नहीं थे तब इस प्रकार का प्रदर्शन बेहद करना आसान नहीं होता। इससे पता चलता है कि वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उस दौरे पर ऋषभ ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की सहायता से 68.50 की औसत से रन बनाए और इससे भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट 295 रन से जीतकर इस टेस्ट श्रृंखला में भी 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया है पर 2003 में एडीलेड में द्रविड़ की 233 रन की पारी प्रशंसकों की पसंदीदा है। इस पारी को लेकर द्रविड़ ने माना कि उन्हें अब भी सीरीज को नहीं जीत पाने का दुख है। द्रविड़ ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो सीरीज में जिस तरह का प्रदर्शन किया है।

# शास्त्री के पसंदीदा क्रिकेटर हैं विश्वनाथ

एजेंसी

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के कोच रहे रवि शास्त्री ने अपने पसंदीदा चार महान खिलाड़ियों का चयन किया है। इसमें एक भारतीय खिलाड़ी भी है। शास्त्री ने कहा कि उनके सबसे पसंदीदा खिलाड़ी गुंडप्पा विश्वनाथ हैं। शास्त्री ने कहा कि, बचपन में मेरे हीरो विश्वनाथ ही थे। मैं उन्हें महानतम खिलाड़ियों की सूची में पहले नंबर पर रखता हूं। शास्त्री की इस सूची में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर गैरी सोबर्स हैं जबकि तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स



और चौथे नंबर पर पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर इमरान खान का नाम शामिल है। विश्वनाथ सत्तर-अस्सी के दशक में एक बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं। इस पूर्व दिग्गज ने 91 टेस्ट में 6080 रन बनाए हैं। विश्वनाथ ने 14 शतक और 35 अर्धशतक लगाये हैं। गैरी सोबर्सः महान ऑलराउंडर गैरी सोबर्स ने टेस्ट में 8032 रन बनाए हैं जिसमें 26 शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं 235 विकेट लेने में सफल रहे थे। विवियन रिचड्र्स : आक्रामक बल्लेबाज विवियन रिचड्र्स ने 121 टेस्ट में 8540 रन बनाए हैं। इस दिग्गज क्रिकेटर ने 24 शतक और 45 अर्धशतक बनाये हैं। एकदिवसीय में रिचड्र्स के नाम 11 शतक हैं। इमरान खान : पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान ने टेस्ट में 3807 रन जबकि एकदिवसीय में 3709 रन बनाए हैं, टेस्ट में इमरान ने 362 विकेट और एकदिवसीय में 182 विकेट लिए थे।

# ईस्ट बंगाल के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी चेन्नइयन एफसी

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नइयन एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी शनिवार शाम चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से अपने अभियान को मजबूती देना होगा।

ईस्ट बंगाल एफसी आठ मैचों में एक जीत, एक ड्रा और छह हार से चार अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर बैठी है।

हालांकि ईस्ट बंगाल ने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 1-0 हराकर इस सीजन में जीत का स्वाद चखा थी। वहीं, चेन्नइयन एफसी 10 मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और चार हार से 12 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। वो लगातार दो हार का




सिलसिला खत्म करके जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगी।

चेन्नइयन ने कोलकाता की क्लबों के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मैच 0-1 के समान स्कोरलाइन से गंवाए हैं, जब वे 26 सितंबर, 2024 को मोहम्मडन एससी से और फिर 30 नवंबर, 2024 को मोहन बागान सुपर जायंट से हारे थे।

हालांकि, चेन्नइयन इस सीजन में 26.3% खेल समय तक बढ़त पर रही है, जो ईस्ट बंगाल एफसी के 10.5% से काफी अधिक है। चेन्नइयन अपने पिछले दो मैचों में गोलरहित रहे हैं, जो दिसंबर 2023-फरवरी 2024 के बीच उनके पिछले खराब प्रदर्शन को दोहराता है, जब वे लगातार तीन मुकाबलों में गोल नहीं कर पाए थे।

ईस्ट बंगाल एफसी ने इस सीजन में पहली बार लगातार दो क्लीन शीट हासिल की है, जो उनकी डिफेंसिव मजबूती दिखाता है। अनवर अली ने इस सीजन में तीन मैचों में 8+ क्लीयरेंस दर्ज किए हैं, जो स्टीफन एजे और एलेक्स साजी के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक है।

चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम हालिया असफलताओं के बावजूद, अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा, ह्हम अभी भी अच्छी स्थिति में हैं। इसलिए मैं आगे बढ़ने को लेकर उत्साहित हूं क्योंकि आगामी मुकाबले घर पर हैं और हम पूरे अंक बटोर करके खुद को प्लेऑफ स्थानों पर वापस लाने की कोशिश कर सकते हैं। यही हमारी कोशिश रहेगी। ईस्ट बंगाल एफसी के स्पेनिश हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन ने कहा कि वह मरीना माचान्स की सामूहिक पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि घर या बाहर खेलने से परिणाम पर कोई प्रभाव पड़ेगा। मैं टीम के तौर चेन्नइयन एफसी पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा। वो लीग के शीर्ष-3 कोचों में से एक कोच के साथ बहुत बढ़िया टीम हैं। बता दें कि आईएसएल में दोनों टीमों के बीच आठ मुकाबले हुए हैं, जिसमें से चेन्नइयन एफसी ने दो बार जीत हासिल की है जबकि ईस्ट बंगाल एफसी एक मैच जीती है। पांच मैच ड्रा रहे हैं।



चीन में आईटीटीएफ मिश्रित गुगल टीम मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।



# मोटापे की कट्टर दुशमन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं–

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर-

सेहतमंद दिल- दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया ज़रूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।


डायबिटीज कंट्रोल- दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर- दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम- दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय-

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज़्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में-

### स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

### जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

### टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट

एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

### कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक

आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूबर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूबर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूबर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नैचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस– आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा– जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे– अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद– सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी–जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियों दूर रहती है।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं-

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें।

यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

**चीनी और शहद स्क्रब**

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं-दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें-ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें-खानपान में विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है



# इम्तियाज अली की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे फहद फासिल

पुष्पा 2 स्टार फहद फासिल बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इम्तियाज अली ने अपनी अगली फिल्म के लिए फहद फासिल को साइन किया है। फहद इस आने वाली फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। इम्तियाज अली ना केवल फिल्म का निर्देशन करेंगे बल्कि इसके निर्माता भी होंगे। फिल्म का निर्माण कथित तौर पर अगले साल की शुरुआत में शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद फासिल इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के साथ ही वह इम्तियाज अली के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी सफर शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो उनके पसंदीदा बॉलीवुड निर्देशकों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फहद इस प्रोजेक्ट पर महीनों से चर्चा कर रहे थे और हाल ही में इसे अंतिम रूप दिया गया है। इस आगामी फिल्म में उनके साथ भूल भुलैया 3 अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की जोड़ी काफी रोमांचक नजर आ रही है। इम्तियाज प्रेम कहानियों में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं और यह उनकी कहानियों की सूची में सबसे अलग होने का वादा करती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और 2025 की पहली तिमाही में इसका निर्माण शुरू होने वाला है। इम्तियाज अली अपने बैनर विंडो सीट फिल्म्स के तहत फिल्म का निर्माण करेंगे। यह फिल्म इम्तियाज के साथ फहद का पहला सहयोग और बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म होगी, जबकि तृप्ति ने इससे पहले लैला मजनू में अभिनय किया था, जिसे फिल्म निर्माता ने लिखा था।

इस बीच, फहद फासिल जल्द ही पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन के साथ मुकाबला करते नजर आएंगे। कोच्चि में पुष्पा 2ः द रूल के प्री-रिलीज इवेंट में, अल्लू अर्जुन ने अपने सह-कलाकारों, विशेष रूप से फहद फासिल की प्रशंसा करते हुए कहा, मेरी सभी फिल्मों में पहली बार, मैंने सबसे अच्छे मलयालम अभिनेताओं में से एक, हमारे फाफा के साथ काम किया है। मैं वास्तव में आज उसे देखने से चूक गया। मैं वास्तव में चाहता हूं कि हम दोनों आज केरल में एक साथ यहां खड़े होते। यह एक प्रतिष्ठित बात होती। मेरे भाई, धन्यवाद! काश हम यहां एक साथ होते। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।



# आलिया भट्ट से तुलना को लेकर बोलीं शालिनी पांडे

महाराज फेम अभिनेत्री शालिनी पांडे ने आलिया भट्ट के साथ के लुक और आवाज को लेकर हुई तुलना के बारे में बताया। शालिनी ने माना कि वह तुलनाओं से चिढ़ जाती थीं और चाहती थीं कि लोग उन्हें वह जैसी हैं उसी रूप में देखें, लेकिन अब उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है।

## आवाज और लुक को लेकर बोलीं शालिनी

बातचीत में शालिनी पांडे ने अनन्या पांडे, अदिति राव हैदरी, तृप्ति डिमरी के साथ बात की। उन्होंने बातचीत में कहा कि लोग उन्हें आलिया की आवाज और लुक को लेकर चर्चा करते रहे। इस दौरान उन्हें चिढ़ होती थी। शालिनी पांडे ने कहा, पहले वह तुलनाओं से थोड़ी चिढ़ जाती थीं क्योंकि वह चाहती थीं कि लोग उन्हें उनके वास्तविक रूप में देखें, न कि किसी तुलना के लिए। उन्होंने कहा, पहले, मैं थोड़ी चिढ़ जाती थी, इसलिए नहीं कि मुझे आलिया पसंद है, बल्कि इसलिए कि जब आपकी तुलना किसी से की जाती है, तो आप ऐसा सोचते हैं, नहीं, मैं अपनी हूं, इसलिए मैं ऐसा सोचती थी, नहीं, मुझे वैसा ही देखो जैसा मैं हूं। शालिनी पांडे ने कहा कि समय बीतने के साथ उनका नजरिया भी बदलने लगा।

## तमिल फिल्म में भी कर चुकी हैं काम

शालिनी पांडे को महाराज फिल्म के लिए जाना जाता है। वे कई तमिल और तेलुगु फिल्मों के लिए काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने 2022 में रणवीर सिंह अभिनीत जयेशभाई जोरदार से हिंदी फिल्म में अपनी शुरुआत की। दो साल के ब्रेक के बाद, उन्होंने अपनी अगली हिंदी फिल्म महाराजा में काम किया।



# डिवोर्स की अफवाहों के बीच नीति बोलीं- मेरी चुप्पी मेरा जवाब है, सरनेम हटाने की वजह बताई

पिछले कुछ समय से टीवी अभिनेत्री नीति टेलर अपने निजी जीवन के कारण चर्चा में बनी हुई है। कहा जा रहा है कि उनका अपने पति परीक्षित बावा से अलगाव हो गया है। नीति ने भी इन अफवाहों का अब तक खंडन नहीं किया था। लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने तलाक की अफवाहों पर बात की है।

## चुप रहने की वजह बताई

हाल ही में नीति ने अपने तलाक से जुड़ी अफवाहों पर खुलकर बात की। वह कहती हैं, 'अगर हम चुप हैं या कोई सफाई नहीं दे रहे हैं तो यही हमारा जवाब है। मेरी चुप्पी ही मेरा जवाब है। जब ऐसा कुछ है ही नहीं, सबकुछ ठीक है तो कोई सफाई देने की जरूरत ही नहीं है। कुछ महीनों पहले भी उन्होंने इस बातों को बिल्कुल झूठा बताया था।

## शादी को हुए हैं कुछ ही साल

नीति की शादी साल 2020 में परीक्षित बावा से हुई थी, वह एक्टिंग वर्ल्ड से नहीं आते हैं। नीति के पति एक आर्मी ऑफिसर हैं। यह तलाक की अफवाह नीति के कारण ही सामने आई। दरअसल, उन्होंने अपने सोशल मीडिया पेज से परीक्षित का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया था।

## सरनेम हटाने का कारण बताया

नीति ने पति का सरनेम क्यों अपने नाम से हटाया है? इस बारे में भी वह बताती हैं। नीति कहती हैं, 'ऐसा ज्योतिष कारणों से मैंने किया है।' वह यह भी बताती हैं कि आज भी उनके सोशल मीडिया पेज पर पति के साथ उनकी सारी फोटो मौजूद हैं।

## 'बड़े अच्छे लगते हैं' सीरियल से हुई चर्चित

नीति टेलर ने बहुत कम उम्र में टीवी सीरियल्स में काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन नीति को पहचान सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के जरिए मिली। इस सीरियल के अलावा वह 'ये हैं यारियां' सीरियल में भी नजर आई थीं। इन दिनों वह अपनी पर्सनल लाइफ में काफी बिजी हैं।



# विवेक ओबेरॉय ने बताई फिल्म इंडस्ट्री की हकीकत

अभिनेता विवेक ओबेरॉय की फिल्मी यात्रा उतार-चढ़ावों से भरी रही है। कई शानदार फिल्मों में नजर आने के बाद अचानक वे इंडस्ट्री से गायब हो गए। फिल्मी परिवार से होकर भी उन्होंने ऐसा समय देखा, जब उनके पास कोई फिल्म नहीं रही। हाल ही में अभिनेता अपने करियर के संघर्ष और फिल्म इंडस्ट्री के मिजाज पर बात करते नजर आए। उन्होंने इंडस्ट्री को एक बेहद असुरक्षित जगह बताया है।

## हिट फिल्म देकर भी रहे बेरोजगार

विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के चैलेंजिंग पड़ाव पर बात की, जब वे करीब डेढ़ साल तक बेरोजगार रहे। करियर में हिट फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला देने के बाद भी उन्होंने ये दौर देखा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार तनाव और दबाव के चलते उन पर बहुत बुरा असर पड़ा। इसके चलते उन्हें थकान महसूस होने लगी।

## सामने रखी इंडस्ट्री की हकीकत

हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में विवेक ओबेरॉय ने फिल्म इंडस्ट्री को असुरक्षित जगह बताया उन्होंने कहा, मैंने 22 साल में करीब 67 प्रोजेक्ट किए हैं, लेकिन इंडस्ट्री बहुत असुरक्षित जगह है। आप बढ़िया काम कर सकते हैं, पुरस्कार जीत सकते हैं और एक अभिनेता के तौर पर अपना काम कर सकते हैं, लेकिन साथ ही यहां रहकर आपको दूसरी वजहों से बेरोजगारी का सामना भी करना पड़ सकता है।

## उम्मीदों पर फिर गया पानी

विवेक ओबेरॉय साल 2007 में आई शूटआउट एट लोखंडवाला की सफलता के बावजूद लगभग 15 महीनों तक बेरोजगार रहे। इस बारे में बताते हुए अभिनेता ने कहा, साल 2007 के बाद, जब मैंने शूटआउट एट लोखंडवाला की और गणपत गाना वायरल हो गया, मैंने पुरस्कार जीते तो मुझे उम्मीद थी अब कई सारे ऑफर मिलेंगे। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ, बल्कि करीब डेढ़ साल तक घर बैठा रहा।

## आर्थिक स्वतंत्रता के लिए उठाया ये कदम

विवेक ओबेरॉय ने कहा कि साल 2009 में उन्होंने एक अहम फैसला लिया। उन्होंने इंडस्ट्री के भरोसे रहने की बजाय आर्थिक स्वतंत्रता पर फोकस किया। उन्होंने तय किया कि वे बाहरी ताकतों को अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। एक्टर ने बताया कि व्यवसाय में कदम रखने से उन्हें वह स्वतंत्रता मिली, इसकी उन्हें चाहत थी। विवेक के मुताबिक, सिनेमा हमेशा उनका जुनून रहेगा, लेकिन उन्होंने व्यवसाय को आजीविका के लिए प्लान बी के रूप में देखा। इस कदम ने उन्हें इंडस्ट्री की असुरक्षाओं आजादी दिलाने में मदद की। विवेक ओबेरॉय के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने मस्ती 4 सहित चार फिल्में साइन की हैं।

# विक्रांत सिंह से प्रेम विवाह रचाकर पछताईं मोनालिसा?



मोनालिसा और विक्रांत सिंह की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद है। इन्होंने प्रेम विवाह रचाया। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद कपल ने रियलिटी शो बिग बॉस में शादी रचाई। अब अचानक मोनालिसा लव मैरिज में पछताती नजर आ रही हैं। आप कुछ गलत समझें उससे पहले बता दें कि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। दरअसल, मोनालिसा का नया गाना रिलीज हुआ है। इसका टाइटल है, लव मैरिज में भारी नुकसान हो गैल।

## पति विक्रांत के साथ जमी जोड़ी

भोजपुरी सिनेमा की चर्चित स्टार मोनालिसा अपने डांस के लिए मशहूर हैं। आज बुधवार को उनका भोजपुरी गाना रिलीज हुआ है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें उनके पति विक्रांत सिंह भी नजर आए हैं। मोनालिसा और विक्रांत के फैंस के लिए यह किसी ट्रीट से कम नहीं। इस गाने में वे लव मैरिज के साइड इफैक्ट दिखाती नजर आई हैं। दोनों के बीच कमाल के केमिस्ट्री दिखाई दी है। गाने में मोनालिसा मजाकिया अंदाज में अपने पति को ताने देती दिख रही हैं।

## मोनालिसा ने साझा किया पोस्ट

यह गाना यूट्यूब पर टी-सीरीज हमार भोजपुरी चैनल पर जारी किया गया है। गाने को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोगों को गाना तो पसंद आ ही रहा है, मोनालिसा और विक्रांत को परदे पर साथ देखकर भी वे बेहद खुश हैं। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे नौ लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा कर इस गाने की रिलीज की जानकारी फैंस से साझा की है और इसे देखने की अपील की है। इस गाने को सिंगर प्रिया मलिक ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है। गीत के बोल पंकज नारायण ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक विक्की प्रसाद ने कम्पोज किया है। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर अपूर्व बजाज हैं।

## प्रेम लीला शो में आएंगी नजर

मोनालिसा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके हाथ नया शो प्रेम लीला लगा है। कल मंगलवार से उन्होंने इसकी शूटिंग शुरू की है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी साझा की। इस शो में वे रुद्राक्षी के किरदार में नजर आएंगी।



# कब आएगी चांदनी चौक टू अफ्रीका? निखिल आडवाणी ने दिया बड़ा अपडेट

साल 2009 में आई फिल्म चांदनी चौक टू चाइना भले ही व्यवसायिक रूप से सफल नहीं हो सकी, लेकिन यह फिल्म दर्शकों के बीच काफी आज भी काफी ज्यादा लोकप्रिय है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म अपने एक्शन और कॉमेडी के लिए काफी पसंद की गई थी। अब फिल्म के निर्देशक निखिल आडवाणी ने इस फिल्म के सीक्वल चांदनी चौक टू अफ्रीका के बारे में अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अगर दर्शक चाहते हैं तो वह अक्षय कुमार से इस पर बात करेंगे और फिल्म पर चर्चा करेंगे। निखिल आडवाणी ने कहा कि उन्हें इस फिल्म के बारे में बहुत कुछ सुनने को मिल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म कब रिलीज होगी तो उन्होंने कहा, पता नहीं यार। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि चांदनी चौक टू चाइना का पहला आधा हिस्सा शानदार था, लेकिन वह अब भी यह समझने में असमर्थ हैं कि फिल्म को बड़े पर्दे पर इसे क्यों नहीं देखा गया।

## सीक्वल पर दिया अपडेट

जब होस्ट ने उनसे कहा कि आज भी लोग फिल्म के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं तो निखिल ने कहा कि वह इस बारे में अक्षय कुमार से जरूर बात करेंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अक्सर सुबह जल्दी उठकर अक्षय कुमार से चार-पांच बजे बातचीत करते हैं और हम साथ में काम करने की योजना बना रहे हैं।

## दूसरा पार्ट बनाने की नहीं थी योजना

निखिल ने यह भी बताया कि चांदनी चौक टू अफ्रीका की योजना कभी नहीं बनाई गई थी, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि अगर चांदनी चौक टू चाइना सफल होती है तो इसके दूसरे भाग पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार को दीपिका पादुकोण के साथ उनकी फिल्म बहुत पसंद आई थी, हालांकि फिल्म का दूसरे हाफ में कुछ समस्याएं थीं जिसके कारण यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई।

## इन फिल्मों में दिखेंगे अक्षय कुमार

निखिल आडवाणी ने यह भी कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह इस फिल्म के दूसरे हाफ को फिर से शूट करना चाहेंगे। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, रणवीर शौरी, रोजर युआन और चीनी अभिनेता गॉर्डन लियू जैसे सितारे भी थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार जल्द ही जॉली एलएलबी 3, हाउसफुल 5, वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और स्काई फोर्स जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# 'सिटाडेल 2' की शूटिंग प्रियंका ने की पूरी, शो को बताया 'रोलर कोस्टर राइड'

प्रियंका चोपड़ा ने अपने बहुप्रतीक्षित वेब शो सिटाडेल के सीक्वल की शूटिंग पूरी कर ली है। मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर शो की शूटिंग खत्म होने के बाद तस्वीरें साझा की। अभिनेत्री ने अपने इस सफर को 'रोलर कोस्टर राइड' बताया।

पहली तस्वीर में, प्रियंका अपने किरदार नादिया सिंह के लुक में और फूलों का गुलदस्ता लेकर मुस्कुराती नजर आईं। वहीं, अभिनेत्री ने कई सारे अन्य पल भी वीडियो और तस्वीर के माध्यम से साझा किए। प्रियंका ने कैप्शन में लिखा कि उनका यह साल काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, साथ ही उन्होंने शूटिंग पूरा होने पर कास्ट और क्रू का आभार जताया।



# परी चौक से गिरफ्तार किसान, आंदोलन हुआ तेज





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में भूमि अधिग्रहण समेत कई मुद्दों को लेकर किसान प्रदर्शन बड़ा रूप ले रहा है। किसान 10 प्रतिशत आबादी भूखंड, बढ़ा हुआ 64.7 प्रतिशत मुआवजे और नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के परी चौक से जीरो प्वाइंट जाने के लिए एकजुट हुए किसानों को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किसानों की घेराबंदी करके बसों में भर दिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और किसानों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और नोंकझोंक भी हुई। इस दौरान परी चौक पर कई आने जाने वाले युवकों ने वीडियो बनाने का प्रयास किया। उनको भी पुलिस ने पकड़ कर किसानों के साथ जेल भेज दिया।

**आंदोलन को भटकाने का आरोप** भारतीय किसान यूनियन ( भाकियू ) के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर आंदोलन में अराजकता फैलाने वालों और वार्ता को बाधित करने वालों पर गंभीर आरोप लगाए। खटाना ने कहा कि कुछ लोग विपक्षी दलों के बहकावे में आकर आंदोलन को गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। भाकियू ने ऐसे संगठनों और व्यक्तियों से खुद को अलग करने का ऐलान किया।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में पहली बार एक साथ संगठित होकर बड़ा आंदोलन कर रहे हैं। कई किसान नेता अभी लुक्सर जेल में बंद हैं। शुक्रवार को किसान नेता रूपेश वर्मा और विकास प्रधान को भी गिरफ़्तार कर लिया गया था। शुक्रवार सवेरे से ही संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सोशल मीडिया पर आंदोलन जारी रखने का आह्वान कर रहे थे। जीरो पाइंट पर पहुंचकर दिल्ली कूच करने का एलान किया जा रहा था। जिसके चलते यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पाइंट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहां पर किसी को जाने नहीं दिया जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे महिलाओं के साथ करीब पचास से अधिक किसान नारेबाजी करते हुए परी चौक पर पहुंचे। परी चौक पर पहले से एडीपीसी अशोक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। पुलिस, पीएसी और आरपीएफ के जवानों ने किसानों और महिलाओं को घेर लिया। आंदोलनरत किसानों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर विचार करने के बजाए आवाज को दबा रही है। किसान आंदोलन को कूचलने का काम किया जा रहा है। आंदोलन को किसी भी कीमत पर कूचलने नहीं दिया जाएगा। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

### 100 से अधिक किसान गिरफ्तार

पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए किसानों और महिलाओं की संख्या की पुष्टि अब तक नहीं की गई है। हालांकि, भाकियू के अनुसार, करीब 100 से अधिक किसान और महिलाएं अभी भी हिरासत में हैं।

## यूपी में सरकारी कर्मचारियों के हड़ताल करने पर रोक

**लखनऊ ( एजेंसी )।** यूपी में सरकारी कर्मचारी व सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारी अगले छह महीनों तक हड़ताल नहीं कर सकेंगे। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

### योगी सरकार ने 6 महीने तक लगाई रोक

यह आदेश उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं के अनुरक्षण अधिनियम, 1966 की धारा तीन की उपधारा के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके जारी किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि यूपी सरकार से जुड़ी किसी भी सेवा, सरकार के नियंत्रण और स्वामित्व से जुड़ी सेवाओं से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी आगामी छह महीने तक किसी भी तरह से हड़ताल नहीं कर सकेंगे। आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय लोकहित में लिया गया है।

## डा. अंबेडकर को कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर कैंप कार्यालय बिसरख पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महानिर्वाण पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं महाराष्ट्र की श्रीरामपुर विधानसभा के नव-निर्वाचित कांग्रेस विधायक हेमंत ओगले का जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर द्वारा अभिनन्दन किया गया।

मुख्य अतिथि हेमंत ओगले ने कहा की संघर्ष की कोई सीमा नहीं होती है जो संघर्ष और समर्पण की परिभाषा उत्तर प्रदेश के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए है वही हम महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए भी हैं, इसलिए सभी गौतमबुद्ध नगर कांग्रेस के नेताओं को और अधिक मेहनत के साथ पंचायत व ब्लॉक समिति में अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित करना पड़ेगा तभी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि



संगठन और संघर्ष के साथी जब विधायक और सांसद के रूप में निर्वाचित होने लगते हैं तो सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता भी इससे प्रेरित होता है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नए कलेवर और तीखे तेवर के साथ मैदान में है उत्तर प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ओमवीर यादव, कांग्रेस वॉर रूम प्रभारी के0 के0 शास्त्री ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निशा शर्मा, सतीश शर्मा, रिजवान चौधरी, धर्म सिंह बाल्मीकि, नितीश चौधरी, महाराज सिंह नागर, गौतम अवाना,चरण सिंह, एम0एल0 वर्मा, सतपाल फौजी, किशन शर्मा, रमेश बाल्मीकि,अरुण भाटी, अरविन्द रेक्सवाल, उर्मिला चौधरी, कल्पना सिंह, गौरव लोहिया,गौतम सिंह, रघुराज शर्मा, नरेश शर्मा, गजेन्द्र प्रधान, मुकेश भाटी, रमेश बघेल, संजीव शर्मा, ओमकार राणा, मुनिंदर भाटी, महेंद्र यादव, मो0 यामीन, भूपेंद्र भाटी, विनय यादव, डॉ राजू, सागर शर्मा, निशांत भाटी, अंकित यादव, शशिकांत भाटी, अजय यादव, रिंकू यादव, अनुराग चौहान, लोकेश भाटी, संजय त्यागी, विक्की मावी, सचिन तंवर, प्रवीण तंवर, वीरेंद्र, राजसिंघ, राजेंद्र भाटी, अमन वर्मा, अक्षय, सुमित, जतिन, बिट्टू, आमिर, रोहित, आ ?ाद,जीतेन्द्र, पप्पू, दीपक, विमल कुमार, साहिल, रमेश चाँद, धर्मवीर, रघुवीर सिंह, धर्म सिंह, हिमांशु, ऋषि, सचिन, तनवीर अहमद, अमित वाल्मीकि, मनीष वाल्मीकि, हर्ष वाल्मीकि, आकाश वाल्मीकि, सुनील वाल्मीकि, राहुल तंवर, आकाश, रोबिन, विक्की भाटी, किशन कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।


SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


## बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में गूंजेगी हुंकार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रति हिंसा के विरुद्ध विशाल विरोध प्रदर्शन नोएडा में किया जाएगा। बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना के बाद से वहां रहने वाले हिन्दुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा लगातार अमानवीय अत्याचार हत्या, बलात्कार और आगजनी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। मन्दिरों पर हमला, पुजारियों की गिरफ्तारी, हत्या और धार्मिक आधार पर अत्याचार के बाद भी बांग्लादेश की सरकार और एजेंसियां लगाम लगाने के स्थान पर मूकदर्शक बनी हुई है। धार्मिक आधार पर अनेक सरकारी अधिकारियों, प्राध्यापकों आदि पर इस्तीफा देने का दबाव भी बनाया जा रहा है।

बांग्लादेशा में धार्मिक आधार पर हो रहे इस अत्याचार और दमन के विरोध में श्री सनातन धर्म रक्षा समिति गौतमबुद्धनगर के तत्वाधान में आगामी रविवार 8 दिसंबर को इस्कॉन मंदिर नोएडा के समीप नोएडा हाट, सेक्टर-33, नोएडा में सर्व समाज द्वारा एकत्र होकर विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

इस प्रदर्शन में गौतमबुद्धनगर का समस्त हिंदू समाज, संत महात्मा लोग उपस्थित रहेंगे तथा जन सामान्य सम्मिलित हो कर सन्त चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई और हिन्दू हितों की रक्षा करने के लिए प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से अपनी आवाज उठाएंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व महंत आदित्य



कृष्ण गिरी अध्यक्ष श्री सनातन धर्म रक्षा समिति करेंगे।

प्रेसवार्ता में समिति के सदस्य राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि बांग्लादेशी हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों द्वारा लोकतांत्रिक रूप से अपनी आवाज उठाने का प्रयास किया गया जिसके बलात दमन का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे सन्त चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी घोर अन्यायपूर्ण है।

## पुरानी सरकार की नीतियों के कारण किसान आंदोलन : धीरेन्द्र सिंह

**जेवर ( चेतना मंच )।** जेवर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा है



कि किसानों को आज सड़कों पर पुरानी सरकारों की नीतियों के कारण आना पड़ा है। जिनकी नीतियां किसानों की जमीन हड़पने की रही और आज जिन समस्याओं के लिए भी किसान सड़कों पर आंदोलनरत हैं, वह सभी पुरानी सरकारों की ही देन है, लेकिन आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार कोई ऐसा काम नहीं करेगी, जो किसानों के वाजिब हकों को मारने वाला हो।

जनपद गौतमबुद्धनगर में विगत कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर किसान आन्दोलनरत हैं, जिसमें किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रेटर नोएडा और नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रभावित किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए पांच सदस्यीय एक समिति का गठन होने के बाद सभी किसान संगठनों ने कई दिनों बाद, इस आंदोलन को स्थगित कर दिया था।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के अध्यक्ष श्यौराज सिंह तथा भारतीय किसान यूनियन भानू आदि कई संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल ने जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह से रबूपुरा स्थित आवास पर मुलाकात की और अपनी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र भी विधायक जेवर को सौंपा।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया जाएगा। साथ ही उन अधिकारियों की भी पोल खोली जाएगी, जो उत्तर प्रदेश सरकार को गुमराह करते हैं।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों से आगे कहा कि किसानों के उनके वाजिब हक दिलवाए जाने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के साथ है। आपकी सभी जायज मांगो को पूरा कराया जाएगा।